# हर्षवर्धन चौहान ने पांवटा साहिब में किया तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ

**नाहन/एसपी जैरथ**
उद्योग, संसदीय कार्य एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने गत वीरवार देर सांय पावटा साहिब के प्रसिद्ध तीन दिवसीय होला मोहल्ला मेले का शुभारंभ किया। उद्योग मंत्री प्रथम सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे। उन्होंने द्वीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारंभ किया। विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री ने कहा कि गुरु की नगरी का यह मेला बड़ा ही ऐतिहासिक है और सभी धर्मों के लोगों की आस्था का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि मेलों के माध्यम से समाज में समरसता व सौहार्द बढ़ता है, भाईचारे की भावना को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में मेलों की महत्ता को बनाकर रखना बड़ी चुनौती है, इसके बावजूद प्रदेश के लोगों ने



अपनी प्राचीन परम्पराओं को संजो कर रखा है, जो कि खुशी की बात है। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि राज्य में नशा माफिया को जड़ से खत्म किया जाए इसके लिए जनता के सहयोग की भी जरूरत है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि यदि उन्हें कहीं भी नशे से संबंधित कोई जानकारी मिले तो वह प्रशासन तथा पुलिस के साथ जरूर सांझा करें। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वह खेलकूद और शिक्षा की तरफ अपना ध्यान दें और नशे से दूर रहें। हर्षवधर्न चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में प्रदेश में चल रही कांग्रेस की सरकार सत्ता का सुख भोगने के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई है। उन्होंने कहा कि हमें सबसे पहले राज्य की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि वह केवल मात्र शिलाई क्षेत्र के विधायक ही नहीं बल्कि प्रदेश सरकार के मंत्री के रूप में पूरे सिरमौर जिला में विकास कार्य करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर नगर परिषद पांवटा साहिब की तरफ से उद्योग मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। नगर परिषद की तरफ से मुख्य अतिथि को सम्मानित भी किया गया। प्रथम सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें पहाड़ी और पंजाबी कलाकार शामिल रहे। सुप्रसिद्ध हिमाचली लोक गायक दिलीप सिरमौरी ने दर्शकों को अपनी गायकी से खूब आनंदित किया। इस मौके पर अतिरिक्त निदेशक उद्योग ज्ञान सिंह चौहान, एसडीएम पाँवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा, डीएसपी रमाकांत ठाकुर, तहसीलदार ऋषभ शर्मा, शिलाई कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सीता राम शर्मा, पाँवटा कांग्रेस मंडल प्रधान अश्विनी शर्मा, पूर्व नप चेयरमैन सरदार तपेन्द्र सैनी, अवनीत लांबा सहित नगर परिषद की चेयरपर्सन निर्मल कौर और उपाध्यक्ष ओम प्रकाश कटारिया, कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर, पार्षद, सहित गणमान्य जनता मौजूद रही।

## पदम श्री पुरस्कार से सम्मानित नेकराम शर्मा ने किया नवोदय विद्यालय बन्दरोल के छात्रों के साथ संवाद



**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जवाहर नवोदय विद्यालय बन्दरोल जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश में पदम श्री पुरस्कार से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता नेकराम शर्मा को विद्यालय के छात्रों के साथ संवाद स्थापित करने हेतू अंमन्त्रित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राजकुमार शर्मा ने किया और छात्रों को आमंत्रित अतिथि से परिचित कराया। प्राचार्य राजेश कुमार ने मुख्य अतिथि नेकराम शर्मा को शॉल भेट कर उनका अभिनंदन किया। नेकराम शर्मा ने छात्रों को विद्यालय के सभागार में संबोधित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में छात्रों को मिश्रित खेती के उत्पादन के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी और इसके लाभों के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को मोटे अनाज मिलेट के उपयोग और स्वास्थ्य पर उसके प्रभाव के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। सभी छात्रों ने उनके सम्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना और मोटे अनाज को भोजन के रूप में उपयोग करने हेतु छात्र प्रेरित हुए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य राजेश कुमार ने मुख्य अतिथि नेकराम शर्मा का पुनरू आभार व्यक्त किया और छात्रों को उनके जीवन वृत्त से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा के साथ-साथ राजकुमार शर्मा, आरपी शर्मा, नीना शर्मा, सुश्री रिंकू सिंह, राजेश ठाकुर, रीता वर्मा, ऋ षिराज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## हेल्प संस्था ने समाज के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही महिलाओं को किया सम्मानित

**बिलासपुर//कश्मीर ठाकुर**
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व होली का त्यौहार जिला बिलासपुर के लगट के प्राथमिक स्कूल में हेल्प-ह्यूमन एफ्फोर्ट्स फॉर लोकल पिपल कार्य कर रही संस्था ने धूमधाम से मनाया। हेल्प संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसीसी हॉस्पिटल में कार्यरत डॉ मंजू चड्ढा, बरमाणा पंचायत प्रधान पूजा धीमान व स्वास्थ्य केंद्र बरमाणा की सीएचओ कनिका चौहान ने भी शिरकत की। हेल्प संस्था की अध्यक्षा पिंकी शर्मा ने बताया पिछली तीन सालों से संस्था सामाजिक कार्य करती आ रही है। इस कार्यक्रम में हेल्प संस्था ने महिला मंडल, समाजसेवी, आशावर्कर, सेना में सेवा दे रहे फौजियों की माताएं, समाज के लिए कुछ अलग कार्य कर रही महिलाओ को सम्मानित किया। इस दौरान



महिलाओ व बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिले के बरमाणा सीमेंट नगरी के साथ लगते क्षेत्र लगट में स्थित हेल्प संस्था एक ऐसी संस्था है जो आम लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुँचाने में मदद करती है । ऐसे परिवारों की मदद के लिए ह्यूमन एफ्फोर्ट्स फॉर लोकल पिपल संस्था एक फरिश्ते से कम नहीं है। समाज के प्रति अग्रसर और महिला सशक्तिकरण को लेकर निस्वार्थ भाव से सेवा प्रस्तुत कर हेल्प संस्था एक मिसाल कायम कर रही है। गरीब लोगों के उत्थान के लिए हेल्प संस्था वरदान साबित हो रही है। हेल्प संस्था महिला उत्थान के लिए अन्य संस्था की मदद से अब तक सिलाई सेंटर एटोकरी बनाना, अचार चटनी की ट्रेनिग, ब्यूटी पार्लर कोर्स आदि करवा चुके है।

## चीन सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
सेरी मंच पर तिब्बती समुदाय ने तिब्बती राष्ट्रीय जनक्रांति दिवस की शुक्रवार को 64वीं वर्षगांठ मनाई।
इस दौरान काफी संख्या में इस समुदाय के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में नगर निगम के उपमहापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि चीन सरकार की ओर से लगातार दमन किए जाने के बावजूद भी तिब्बत में रह रहे तिब्बती पूरी निष्ठा एवं दृढ़ संकल्प के साथ चीन सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते आ रहे हैं। पिछले पांच दशकों में यहां पर कई विरोध प्रदर्शन देखे गए हैं। तिब्बतियों ने चीन की ओर से तिब्बत के अवैध आधिपत्य का खुलकर विरोध करते हुए तिब्बत की आजादी का आह्वान सेरी मंच पर इन्होंने राष्ट्रीय गान गाया और तिब्बती राष्ट्रीय जनक्रांति के दौरान बलिदान देने वालों के लिए मौन भी रखा। इस दौरान नगर निगम मंडी के उपमहापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने कहा कि तिब्बत में चीन के कब्जे के बाद इस समुदाय के लोग भारत में शरण लेकर शांतिपूर्वक आजादी के लड़ाई लड़ रहे हैं और आज उनकी इस आजादी के जंग में विश्व के अधिकांश देश इस लड़ाई में उनके साथ खड़े हैं।

## 31 मार्च तक मतदाता फोटो पहचान पत्र के साथ आधार नंबर करवाएं लिंक: डीसी राणा

**चंबा/हामिद**
उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशनुसार मतदाता सूचियों में दर्ज मतदाता के आधार नम्बर को उसके मतदाता फ ोटो पहचान पत्र नम्बर के साथ 31 मार्च तक लिंक किया जाना है। उन्होंने बताया कि आधार नंबर को फ ोटो पहचान पत्र के साथ लिंक करने का उद्देश्य भविष्य में होने वाले निर्वाचनों के दौरान मतदाता सूचियों में दर्ज दोहरे पंजीकरण को हटाना है ताकि दोहरे मतदान की संभावना न रहे। उन्होंने बताया कि लोक



प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एक से अधिक विधानसभा क्षेत्रों व एक से अधिक मतदान केन्द्रों में पंजीकृत होना कानूनी अपराध है, जिसके लिए निर्वाचन अधिनियम में जुमार्ना व तीन माह की सजा या दोनों का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि आधार लिंक करवाने के लिए मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के माध्यम से फ ार्म 6-ख भरने हेतु शीघ्र सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने जिला के समस्त नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों, महिला मंडलों व राजनीतिक दलों से अपने-अपने क्षेत्र के शेष बचे मतदाताओं को आधार नम्बर से अपने फ ोटो पहचान पत्र नम्बर लिंक करवाने बारे प्रेरित व जागरूक करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि मतदाता स्वयं भी वोटर हेल्प लाइन एप्प व एनबीएसपी पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर अपने मोबाईल नंबर पर ओटीपी प्राप्त करके आधार नम्बर को फ ोटो पहचान पत्र संख्या से लिंक कर सकते है।

## प्रसिद्ध महिलाओं की प्रेरणा से समाज को प्रदान करती नई दिशा :मंजू शर्मा



**नाहन/एसपी जैरथ**
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में बाल विकास परियोजना विभाग राजगढ़ द्वारा एंजेल भवन राजगढ़ में उपमंडल स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ उपमंडल आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी राजगढ़ मंजू शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने समारोह में उपस्थित महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनांए देते हुए कहा कि महिलाओं का स्थान समाज में आदरणीय है। उन्होंने कहा कि महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग व जागरूक करना है ताकि महिलाएं सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक रूप से और सशक्त हो सके। उन्होंने बताया कि महिलाएं शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक गतिविधियों में भी पुरूषों से आगे हैं और महिलायें परिवार एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे पहले बाल विकास परियोजना अधिकारी पवन कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया तथा महिलाओं के कल्याण के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से दहेज निरोधक कानून, प्रसवपूर्व लिंग जांच विरोधी अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं की रक्षा अधिनियम आदि पर जानकारी सांझा की। कार्यक्रम के दौरान अकाल अकेडमी आफ नर्सिंग कॉलेज बड़ू साहिब की छात्राओं ने किडनी रोग व बचाव पर लघू नाटिका प्रस्तुत की। इस अवसर पर विभिन्न आंगनबाडी कार्यकताओं ने प्रसव पूर्वक पोषाहार, गोद भराई रस्म व बेटी के जन्म के बाद सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुदान पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की। इस मौके पर स्थानीय महिलाओं व बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों प्रस्तुत किए। इसके अलावा म्यूजिकल चेयर व मटका फोड प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों, गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले एनएसएस के छात्र एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं आंगनवाड़ी बच्चों व कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया।

## हिमाचल में सुक्खू सरकार नहीं बल्कि दुखू सरकार चल रही है : अविनाश राय खन्ना

**शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने कहा कि हिमाचल में सुक्खू सरकार नहीं बल्कि दुखू सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि जब से हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार आई है तब से केवल हिमाचल प्रदेश में बंध, बंध, बंध और केवल बंध का काम चल रहा है। कांग्रेस की इस दुखू सरकार ने बिजली बोर्ड, स्वास्थ्य संस्थान, पीएचसी, सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल, तहसील, उप तहसील, कांनूगो सर्कल, पटवार सर्कल, आयटीआय, श्रम एवं रोजगार विभाग के कार्यालय, रेवेन्यू सबडिवीजन, हिमाचल प्रदेश पीडब्ल्यूडी के सर्कल, उसकी डिवीजन, उसकी सबडिवीजन, उसके

**8 हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार आई है तब से केवल हिमाचल प्रदेश में बंध, बंध, बंध और केवल बंध का काम चल रहा है**

सेक्शन, एसडीपीओ, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, आयुर्वेद अस्पताल, आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्र, बीडीओ दफ्तर, स्कूल, कॉलेज, स्कूल में वितरण होने वाली वर्दियां, लोकतंत्र प्रहरी योजना के अंतर्गत पेंशन बंद कर दी है, अगर असल में देखा जाए तो हिमाचल प्रदेश में बंद एक्सप्रेस के सीईओ है सुखविंदर सिंह सुक्खू है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 620 से अधिक सरकारी संस्थानों को बंद कर दिया गया



है जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है इससे हिमाचल प्रदेश में समग्र विकास पर अंकुश लगता है।
हाल ही में 286 स्कूलों को बंद करने की बात भी इस सरकार ने जनता के समक्ष रखी है शायद यह सरकार जानती नहीं की हिमाचल प्रदेश को शिक्षित राज्य बनाने का स्वप्न स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का था और उनका दावा किया था कि वो हिमाचल प्रदेश में एक बच्चे के लिए भी स्कूल खोलूंगा। उन्होंने कहा कि इस सरकार के आलाकमान अफसर ही शिक्षा विभाग को एक डीओ नोट काटते हैं, जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि समग्र शिक्षा पर केंद्र से मिला बजट खर्च नहीं हो पा रहा है। उनके अफसर ने माना कि कई कॉम्पोनेंट के अंतर्गत जो पैसा हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग को मिलता है वह अच्छे से खर्च नहीं हो पा रहा, जिसके कारण शिक्षा विभाग और सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश भर में 9000 से अधिक के जन औषधि केंद्र खोले गए हैं जिसके अंतर्गत 1759 दवाइयां और 280 सर्जिकल आइटम्स जनता को सस्ते रेट फर उपलब्ध कराई जा रही है।
इसके अंतर्गत पूरे देश भर में 20000 करोड रुपए का फायदा जनता को हुआ है, इसी तरह हिमाचल प्रदेश में 2022-23 में अभी तक जनता को 6600 करोड़ रुपए का फायदा हुआ है ऐसी जन कल्याण योजनाओं को इस कांग्रेस सरकार को बढ़ावा देना चाहिए कहीं ना कहीं इन योजनाओं में यह सरकार विघ्न बनने का प्रयास करती है।

## शीघ्र होगा मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का कोलडैम का दौरा :ठाकुर

**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कसोल और सेडपा में दो शोक संतप्त परिवार से मिले। उन्होंने कसोल में जय सिंह और सेडपा में युवा नेता डिम्पल की दादी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। उसके उपरांत उन्होंने आरसी कॉलोनी सेडपा में पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे क्षेत्र के प्रसिद्ध संतराम टेलर मास्टर के घर जा कर उनका हालचाल जाना । इस दौरान उन्होंने पिछली बरसात के दौरान उनके मकान पर गिरी एनटीपीसी द्वारा निर्मित रिटेनिंग वॉल का मुआयना भी किया ।



बाद में हरनोड़ा के युवाओं ने हेमराज शर्मा की अगुआई में किया स्वागत । हरनोड़ा पंचायत में कोई भी विकास कार्य नहीं रुकेंगे । इस दौरान पंचायत प्रधान देश राज ठाकुर ने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के समक्ष क्षेत्र की समस्याओं को रखा। पूर्व विधायक ने इस अवसर पर आश्वासन दिया कि मेरा साथ पूरा मिलेगा। इसके लिए पार्टी को मजबूत करने के लिए साथ दे और मुख्यमंत्री से आपकी सभी समस्याओं के बारे में अवगत करवाऊंगा।
इस अवसर उनके साथ स्थानीय लोग हिरापाल सिंह, पूर्व उपप्रधान जोगिंदर ठाकुर, अमरनाथ,अमर सिंह, महिंद्र कुमार, राज कुमार, विकी के साथ दर्जन युवाओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि यह दौरा खास तौर से सांत्वना देने के लिए था और इसके अलावा लोगों की जन समस्या को भी सुना गया है। इस दौरान इन लोगों ने कोल डैम परियोजना से विस्थापितों को मिलने वाली 1 प्रतिशत विद्युत उत्पादन से संबंधित समस्या के बारे में अवगत करवाया कि अभी तक यह राशि नहीं मिली है।

## पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने देवली गांव में वृद्धाश्रम यानि अपना घर में बुजुर्गों के साथ मनाई होली



**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव व सदर विधानसभा के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने देवली गांव में मानव सेवा ट्रस्ट सुंदरनगर द्वारा संचालित वृद्धाश्रम यानि अपना घर में अपनों द्वारा ठुकरा, गए बुजुर्गों के साथ पहाड़ी डांस कर होली पर्व का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया । पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर संस्थान में एकत्रित हुए समस्त लोगों के साथ एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर सबको होली के रंग में रंग कर माहौल को प्रेममयी कर दिया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश कांग्रेस पार्टी के पूर्व सचिव व राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के सह संयोजक डॉ हीरापाल सिंह ठाकुर, जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल, तहसील कल्याण अधिकारी बनिता कुमारी , एनटीपीसी कोलडैम के विजिलेंस विभाग से उप महाप्रबंधक सुरजीत सिंह, आईटी सेल से डीजीएम राजेश चंद्रा वरिष्ठ प्रबंधक सुरक्षा विभाग से देवेंद्र सिंह, पूर्व शिक्षक गोरखू राम, पूर्व पंजगाईं प्रधान अनुराग शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे । उन्होंने समस्त वृद्धाश्रम अपना घर के अलावा उपस्थित सभी लोगों को होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक प्रकाश बंसल ने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का वृद्धाश्रम अपना घर पहुँचने पर पुष्पगुच्छ, हिमाचली टोपी व शाल प्रदान कर उनका अभिनंदन व अभिवादन किया। पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने संस्थापक प्रकाश बंसल की नेक सोच व समाजसेवी कार्य के लिए सराहना की तथा समस्त उपस्थित गणमान्य लोगों से इस प्रकार के कार्य भागीदार बनने का आग्रह किया। बता दे कि वर्तमान में इस वृद्धाश्रम में 17 वृद्ध आवासित है। बंबर ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी आवासीय संस्थानों में पाँच सौ रुपये प्रति आवासी उत्सव अनुदान प्रदान किया है।

## पशुधन का ग्रामीण आर्थिकी में बहुत बड़ा योगदान: हर्षवर्धन चौहान

### हर्षवर्धन बोले-गाय का दूध 80 रुपए तथा भैंस का दूध 100 रुपए किलो खरीदेगी प्रदेश सरकार

**नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर के उपमंडल नाहन के समीप माता बालासुंदरी गौ-सदन में पशुपालन विभाग द्वारा किसान जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता उद्योग, संसदीय कार्य एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिकी में पशुधन का बड़ा योगदान है, किसानों को उन्नत किस्म के पशुधन को बढ़ावा देकर अपनी आजीविका को मजबूत करना चाहिए। उद्योग मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई है, सत्ता सुख के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि पहली ही कैबिनेट में 1.36 लाख कर्मचारियों की ओपीएस



बहाल की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लगभग 11 हजार करोड रुपए की कर्मचारियों की देनदारियां छोड़ी हैं। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी बड़ी समस्या है, हर नौजवान सरकारी क्षेत्र में नौकरी देखता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमीरपुर एसएससी बोर्ड में धांधली हुई, पात्र और गरीब घरों के बच्चे नौकरी से वंचित रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो संस्थान पेपर बेच दे उसकी विश्वसनीयता कहां हो सकती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुपालकों के लिए नई योजना ला रहे हैं जिसकी बजट में घोषणा होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा किसानों की आर्थिक दशा सुधारने के हिए हर किसान से 80 रुपए किलो गाय का दूध और 100 रुपए किलो भैंस का दूध खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति को लाभ मिले इस बात पर विशेष बल दिया जाएगा। उद्योग मंत्री ने कहा कि दूरदराज के क्षेत्रों में कार्यशील स्टाफ को भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्थान खोलने से बेहतर है मौजूदा संस्थानों को मजबूत करना, भाजपा ने अनेक ऐसे स्कूल खोले जहां आज एक भी बच्चा नहीं है और 235 ऐसे स्कूल सामने आए हैं। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश के साथ जिला सिरमौर का विकास करना हमारी प्राथमिकता है और नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने लोगों से अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने व विकास में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सब्सिडी के पीछे भागने से हम तरक्की नहीं कर सकते हैं। विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि सरकार किसानों, बागवानों और पशुपालकों के लिए अनेक योजनाएं कार्यान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार की योजनाओं की जानकारी होनी जरूरी है ताकि समुचित लाभ उठाकर अपनी आर्थिकी को बढ़ा सकें।

# 14 मार्च से 6 अप्रैल तक होगा हिमाचल विधानसभा का बजट सत्र

**शिमला/चमन शर्मा**
हिमाचल विधान सभा का बजट सत्र से 14 मार्च से 6अप्रैल तक होगा। बजट सत्र को लेकर अब तक सदस्यों की तरफ से 543 तारांकित व 189 अतारांकित प्रश्नों के नोटिस मिले हैं। सदस्य 22 मार्च तक प्रश्नों को लेकर विधान सभा सचिवालय को नोटिस दे सकते हैं। इसके अलावा नियम 101 के तहत 4 व 130 के तहत चर्चा के 3 नोटिस अब तक मिले हैं। विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।
विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 17 मार्च को सदन में अपना पहला बजट प्रस्तुत करेंगे। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को अग्रिम बधाई दी। 20 से 23 मार्च तक सदन में आगामी वित्त वर्ष के बजट अनुमानों पर चर्चा होगी। इसके बाद 27 से 29 मार्च तक अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। अर्थात कटौती प्रस्तावों पर सदन चर्चा करेगा।
चर्चा के बाद सांय 4 बजे गिलोटिन लागू होगा तथा बजट का पारण होगा। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान 16 व 24 मार्च को गैर सरकारी कार्य दिवस होगा। उन्होंने कहा कि सदस्यों की तरफ से मिले 543 तारांकित प्रश्नों की सूचना में से 391 ऑन लाइन व बाकी ऑफ लाइन मिली हैं। अतारांकित प्रश्नों में 164 ऑन लाइन व 25 ऑफ लाइन मिले हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यों की तरफ से मिली इन सूचनाओं को नियमानुसार सरकार को आगामी कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया है।



विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यों की तरफ से बेरोजगारी, सडकों की दयनीय स्थिति, स्वीकृत सडकों की डीपीआर , राज्य में महाविद्यालयों, स्कूलों, स्वास्थ्य संस्थानों इत्यादि का उन्नयन एवं विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की पद्पूर्ति, पर्यटन, उद्यान, पेयजल की आपूर्ति, युवाओं में बढ़ते नशे के प्रयोग की रोकथाम, बढ़ते अपराधिक मामलों व सौर ऊर्जा, परिवहन व्यवस्था तथा एनपीएस व ओपीएस पर आधारित है। सदस्यों ने प्रश्नों के माध्यम से अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित मुख्य मुद्दों को भी उजागर किया है।

विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि जन प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री व मंत्रियों से प्रतीक्षालय में समय मिलने पर ही मुलाकात कर सकेंगे। विधान सभा सचिवालय के अधिकारी आपसी तालमेल से इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ताकि किसी भी तरह की असुविधा न हो।

# कल्पा खण्ड के बागवानों के लिए प्रशिक्षण शिविर किया आयोजित

**किन्नौर/अनिल**
उपनिदेशक उद्यान किन्नौर, के सभागार में क्षेत्रिय बागवानी अनुसंधान एंव प्रशिक्षण केन्द्र मशोबरा तथा बागवानी विभाग जिला किन्नौर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें कल्पा खण्ड के लगभग 50 प्रगतिशील बागवानो ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में डा. संगीता शर्मा, कीट वैज्ञानिक क्षेत्रिय बागवानी अनुसंधान एंव प्रशिक्षण केन्द्र मशोबरा, डा. बलबीर सिहं, विषय विशेषज्ञ उद्यान, डा. शमशेर सिंह, विषय विशेषज्ञ उद्यान एंव डा. राजेश कुमार, उद्यान विकास अधिकारी, ने बागवानी से जुडेण विभिन्न पहलुओं पर बागवानों को जानकारी प्रदान की।डा. संगीता शर्मा, कीट वैज्ञानिक, ने सेब के विभिन्न कीटों से होने वाले नुकसान तथा उसकी रोकथाम बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होनें सेब में माईट की रोकथाम हेतु हरीकली से आधा इंच हरीकली अवस्था के बीच हार्टीकल्चर मिनरल ऑयल, 4 लीटर/200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करने की सिफारिश की।
उन्होंने विभिन्न मित्र कीटों की पहचान और संवर्धन करने हेतु बागवानो को जागरूक किया और बागवानो को सलाह दी कि बिना वैज्ञानिकों अथवा विशेषज्ञों के परामर्श से कोई भी कीटनाशक का छिडकाव न करें।शिविर में डा. बलबीर सिंह, विषय विशेषज्ञ उद्यान, ने बागवानी में मधुमक्खियों के महत्व एवं परागण में योगदान तथा रख रखाव बारे जानकारी प्रदान की। डा. शमशेर सिंह, विषय विशेषज्ञ उद्यान ने मुख्यमंत्री मधु विकास योजना के अंतर्गत बागवानो को दी जाने वाली सहायता एंव प्रशिक्षण बारे जानकारी दी।



## न्यूज फ्लैश

### किन्नौर में भरे जाने हैं शास्त्री व भाषा अध्यापक के रिक्त पद: अशोक नेगी

**किन्नौर/अनिल**
उप-निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा अशोक नेगी ने गत दिवस बताया कि जिला किन्नौर के प्रारम्भिक शिक्षा विभाग में अनुबंध आधार पर शास्त्री अध्यापक के 6 पद तथा भाषा अध्यापक का एक पद भरा जाना है जिसके लिए साक्षात्कार 17 मार्च, 2023 को प्रातः 11 बजे कार्यालय उप-निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा रिकांग पिओ में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शास्त्री अध्यापक के कुल 6 पद भरे जाएंगे जिसमें तीन पद अनुसूचित जाति सामान्य, दो पद अनुसूचित जाति आई.आर.डी.पी तथा एक पद अनुसूचित जनजाति आईआरडीपी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भाषा अध्यापक का कुल एक पद भरा जाएगा जो अनुसूचित जाति आईआरडीपी के लिए आरक्षित है। उन्होंने बताया कि इन पदों को भरने के लिए रोजगार कार्यालय से नाम मंगवाए गए थे जिन्हें पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। उन्होंने सभी पात्र अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वह 17 मार्च को कार्यालय उप-निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा रिकांग पिओ में सभी आवश्यक दस्तावेजों व एक पासपोर्ट साईज फोटो सहित पहुंचना सुनिश्चित बनाएं।

### 1 से 5 अप्रैल तक आयोजित होगा जोगिंद्रनगर का राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला

**जोगिंद्रनगर/संगराय**
जोगिंद्रनगर का राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला 1 से 5 अप्रैल तक पूरे धार्मिक श्रद्धा व रीति रिवाज के साथ मनाया जाएगा। इस बार मेले में शामिल होने के लिये कुल 100 देवी देवताओं को निमंत्रण दिया गया है।



मेले के दौरान हर वर्ष की तरह इस बार भी चार सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जाएंगी। मेले के सफल आयोजन को लेकर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिन्दर नगर कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले का आयोजन पूरे धार्मिक श्रद्धा व उल्लास के साथ किया जाएगा। उन्होने बताया कि मेला समिति ने इस बार 100 देवी-देवताओं को मेले में शामिल होने के लिये निमंत्रण दिया है। मेले के दौरान कुल चार सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति मेले के दौरान खेल-कूद, छिंज सहित अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। एसडीएम ने मेले के दौरान साफ.-सफाई व्यवस्था बनाये रखने के लिये नगर परिषद को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जबकि पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के लिये जलशक्ति विभाग को भी उचित कदम उठाने को कहा। इसके अतिरिक्त मेला क्षेत्र में संपर्क मार्गों को दुरूस्त बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश भी जारी किये। साथ ही मेला क्षेत्र में मेले के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए बिजली बोर्ड के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी जारी किये। उन्होने कहा कि जोगिन्दर नगर के इस महत्वपूर्ण मेले को सफल बनाने एवं इसकी गरिमा बनाए रखने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों की भी अहम भूमिका रहती है। उन्होने सभी से मेले के सफल आयोजन के लिये अपना पूरा सहयोग प्रदान करने का भी आह्वान किया। साथ ही मेले को ज्यादा रोचक बनाने के लिए लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किये हैं। बैठक में मेले के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों बारे विस्तृत विचार विमर्श किया गया तथा मौजूद सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों ने मेले को लेकर कई अहम सुझाव भी दिये। बैठक में तहसीलदार जोगिन्दर नगर डॉ. मुकुल शर्मा, नायब तहसीलदार महेन्द्र सिंह, बीडीओ सरवण कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रेरणा ज्योति, उपाध्यक्ष प्यार सिंह, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद चमन लाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जिला के सभी गुरुद्वारों से जुड़ी संगत मणिकरण में हुई घटना की कड़ी निंदा करती हैं

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
कुल्लू जिला के सभी गुरुद्वारों से जुड़ी संगत धार्मिक नगरी मणिकरण में हुई घटना की कड़ी निंदा करती हैं। यहां जारी एक संयुक्त बयान के माध्यम से श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कुल्लू के चेयरमैन जीएस बबू एवं प्रधान महेंद्र सिंह चावला ने कहा कि कुल्लू की संगत घाटी में बड़ी विनम्रता से जनमानस की सेवा करती आई है तथा कुल्लू घाटी की प्रसिद्ध पारंपरिक गतिविधियों में बढ़-चढकर अपना योग दान देती आई है व स्थानीय लोगों से सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध है। अगर कोई भी असामाजिक तत्व प्रदेश की शांति को भंग करता है व आपसी भाईचारे को नुकसान पहुंचाता है तो उसके खिलाफ प्रशासन की कार्यवाही के साथ सिख संगत खड़ी है। साथ ही सरकार व प्रशासन का आभार जताती है कि मामले की गम्भीरता को मद्देनजर रखते हुए तत्वरित कार्यवाही करते हुए कुशलता पूर्वक हल किया है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों का सिख संगत से कोई लेना-देना नहीं व ऐसे उदण्ड बाहरी राज्यों के लोगों द्वारा शांति भंग करने के खिलाफ सिख संगत विरोध करती रहेगी।

# महिलांए व बच्चे हमारे समाज का अभिन्न अंग: अनिल शर्मा

**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राष्ट्रीय महिला आयोग के सयुंक्त तत्वाधान में उपमण्ड़लीय विधिक सेवांए समिति बिलासपुर द्वारा अतंराष्ट्रीय महिला सप्ताह के उपल्क्ष में ग्राम पंचायत बामटा के बार्ड न. 8 खैरियां लुहणू में महिलाओं से सबंधित कानूनों व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उदेश्य से एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एंव अध्यक्ष उपमण्डलीय विधिक सेवा समिति अनिल शर्मा ने की । इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एंव सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण विक्रांत कौण्ड़ल विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी अनिल शर्मा ने कहा कि महिलाएं और बच्चे हमारे समाज का अभिन्न अंग है। समाज में महिलाओं की संख्या लगभग 50 प्रतिशत है और इनकी सुरक्षा के लिए संविधान के तहत विशेष कानून बनाए गए हैं और इन कानूनों की सभी महिलाओं को पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है तभी वे इनका जरूरत होने पर लाभ उठा सकती हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अदालत में महिलाओं को न्याय प्राप्त करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाता है जिसका उन्हें आवश्यकता होने पर प्रयोग करना चाहिए। उन्होने बताया कि चाहे महिला के खिलाफ किसी ने केस किया हो या महिला ने किसी के खिलाफ केस करना हो दोनो ही स्थिति में महिलाएं प्राधिकरण के माध्यम से निशुल्क कानूनी सहायता के लिए पात्र हैं। उन्होने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं, बच्चों, ट्रांसजेंड?, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, औद्यौगिक कामगार, प्राकृतिक आपदाओं से शिकार व्यक्ति, पुलिस हिरासत में लिए गए व्यक्ति और ऐसा कोई भी व्यक्ति जिसकी सालाना आय 3 लाख रुपए से कम हो वह प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने बाली निशुल्क कानूनी सहायता के लिए प्रात्र है तथा इसके लिए वह सादे कागज पर आवेदन कर सकता है।



# रेडली में जागरूकता शिविर में जनता को बाल अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**नाहन/एसपी जैरथ**
जिला बाल संरक्षण ईकाई सिरमौर के सौजन्य से ग्राम पंचायत रेडली में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गयास शिविर का मुख्य उद्देश्य पंचायत की जनता को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के शुरूआत में जिला बाल संरक्षण ईकाई सिरमौर से काउंसलर प्रवीन अख़्तर ने चाइल्ड मैरिज एक्ट 2006, किशोर न्याय अधिनियम 2021, व नशाखरी पर जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण ईकाई सिरमौर से संरक्षण अधिकारी संतोष कुमारी ने विभाग द्वारा संचालित योजना फोस्टर केयर, स्पॉन्सरशिप, आफ्टर केयर, एडॉप्शन, चाइल्ड लेबर एक्ट 2016 तथा गुड टच व बेड टच के बारे में महिलाओं व किशोरियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसके बाद स्वास्थ विभाग से हेल्थ कॉर्डिनेटर चमन सोनी ने एक्ट 1994 के बारे में व महिला व किशोरी स्वास्थ के बारे में जानकारी दी। चाइल्ड हेल्प लाइन से सदस्य सुरेश पाल ने चाइल्ड लाइन की कार्य प्रणाली के बारे व एक्ट 2012 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत प्रधान हेमचन्द चौहान ने इस शिविर को करवाने के लिए जिला बाल संरक्षण ईकाई सिरमौर का आभार जताया।



# चेतराम एसवीएम स्कूल ने दिव्यांश भारद्वाज को सेना में लेफिनेंट चयनित होने पर किया सम्मानित

**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
चेतराम सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र बिलासपुर में शुक्रवार को पूर्व छात्र दिव्यांश भारद्वाज के भारतीय सेना में लेफिनेंट के पद पर चयनित होने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हिमाचल शिक्षा समिति के प्रांत संगठन मंत्री ज्ञान चंद विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व छात्र दिव्यांश भारद्वाज व उनकी मां बिंदु शर्मा को शाल व टोपी पहना कर सम्मानित किया गया।

# मंडी के सेरी मंच पर होगी भाजपा की जन आक्रोश रैली

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
प्रदेश की सुक्खू सरकार के जन विरोधी निर्णयों के खिलाफ और प्रदेश भर में बंद किए सैंकड़ों संस्थानों विरोध में शनिवार को मंडी के एतिहासिक सेरी मंच पर भारतीय जनता पार्टी की जन आक्रोश रैली आयोजित की जायेगी जिसका नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर करेगें। भाजपा प्रदेश महामंत्री राकेश जमवाल ने कहा कि जबसे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है तबसे प्रदेश में विकाश कार्य पूरी तरह ठप्प पड़े हैं और मुख्यमंत्री सहित सभी कांग्रेसी नेता केवल सत्ता के नशे में चूर हैं। पिछले लगभग तीन महीनों से प्रदेश की सरकार केवल संस्थानों को बंद करवाने में व्यस्त है और प्रदेश में निराशा का वातावरण बना हुआ है।मुख्यमंत्री एक भी विकास योजना प्रदेश की आम जनता को समर्पित करने में असफल रहे हैं और विकास योजनाएं केवल मुख्यमंत्री सुक्खू अपने यार मित्रों के लिए ही बना रहे हैं।



# देवली में हुई एकल नारी शक्ति संगठन की त्रैमासिक बैठक

**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
त्रैमासिक मीटिंग एकल नारी शक्ति संगठन की त्रैमासिक बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत देवली में संगठन की अध्यक्षा निर्मल चंदेल की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में एकल नारी शक्ति संगठन के नेता रतनी देवी, सदर ब्लॉक एकल नारी शक्ति संगठन के कार्यकर्ता अंजना कुमारी विशेष रूप से मौजूद रही। बैठक में अध्यक्षा निर्मल चंदेल व रत्नी देवी ने सभी महिलाओं की समस्याओं को सुना। सभी महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्या बताई। उनमें कुछ ऐसी महिलाएं थी जिन्हे भूमि की पात्रता होते हुए भी भूमि न मिलने की बात रखी। कुछ एक ने पेंशन की समस्या का जिक्र किया। बैठक में महिलाओं ने बताया कि बीपीएल की पात्र है लेकिन उनका अभी भी बीपीएल में चयन नहीं हुआ है। वहीं कुछ एक महिलाओं ने मनरेगा में काम नहीं मिलने की बात कही और न ही उनकी हाजिरी सही तरीके से लग रही है। रतनी देवी ने बताया कि एकल नारी शक्ति संगठन जनता के बीच स्थिरता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने-अपने गांवों में बैठकों, समूह चचाओं और लोक गीतों और कला का इस्तेमाल कर बदलाव का बिगुल बजा रहा है। सभी महिलाओं ने इस बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।




उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला–133001 द्वारा समरणकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत भंडार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ई–निविदा सं. | विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 98235200 | सी एंड डब्ल्यू डिपो, सीडीजी के लिए संलग्न विनिर्देश के अनुसार औद्योगिक वॉशर एक्सट्रैक्टर (क्षमता 120 किग्रा) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। | 01 No. | 11.04.2023 एवं 11.00 hrs | 65560.00 |

नोट: 1) विस्तृत विवरण के लिए IREPS website i.e. www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। 2) किसी भी मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जाएगा।
निविदा सं0 98235200 दिनांक: 09.03.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 749/23


# नन्द लाल शर्मा ने एमएसएमई के लिए वेंडर डेवलपमेंट मीट का किया उद्घाटन

**शिमला/चमन शर्मा**
नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने गत दिवस चंडीगढ़ में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वेंडर डेवलपमेंट मीट का उद्घाटन किया। नन्द लाल शर्मा ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि एसजेवीएन की खरीद प्रक्रिया में एमएसएमई की भागीदारी बढ़ाने के लिए वेंडर डेवलपमेंट मीट का आयोजन करता रहा है, इस प्रकार कंपनी के विकास में उनके योगदान को मजबूत किया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों ने सार्वजनिक खरीद नीति के तहत कई एमएसएमई को उपयुक्त सशक्त विक्रेता के रूप में उभरने में सहयोग किया है। वर्ष 2018 से अब तक कारपोरेट मुख्यालय, 1500 मेगावाट एनजेएचपीएस और 412 मेगावाट रामपुर एचपीएस द्वारा ऐसे 18 कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। नन्द लाल शर्मा ने कहा कि एसजेवीएन ने एमएसएमई अधिनियम 2006 के तहत अधिसूचित प्रावधानों एवं दिशा-निर्देशों को अपनाया है और भारत सरकार के टीआरईडीएस तथा जीईएम प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत है। गत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान, कंपनी ने एमएसएमई अधिनियम द्वारा अनिवार्य 25प्रतिशत के लक्ष्य की तुलना में एमएसएमई के माध्यम से 50प्रतिशत से अधिक की वार्षिक खरीद की है। कंपनी की अनुकूल खरीद प्रक्रियाओं के माध्यम से 1571 एमएसएमई लाभान्वित हुए हैं और इनमें से 132 एमएसएमई महिला उद्यमियों की हैं और
82 एमएसएमई एससी/एसटी उद्यमियों के पास हैं। वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम के दौरान, विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं, जिसके बाद एसजेवीएन में ई-प्रापण प्रक्रिया, ऑनलाइन पोर्टलों पर पंजीकरण प्रक्रिया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सहायक उपायों आदि के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए संवादात्मक प्रश्नोत्री और वार्ता सत्रों का आयोजन किया गया। उसके पश्चात नन्द लाल शर्मा ने चंडीगढ़ में एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) के कार्यालय का उद्घाटन भी किया। यह कार्यालय पंजाब में सौर ऊर्जा परियोजनाओं (एसपीपी) की सभी गतिविधियों के समन्वय में सहायक होगा । एसजेवीएन अपनी नवीकरणीय शाखा, एसजीईएल के माध्यम से पंजाब में पीएसपीसीएल की 100 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड एसपीपीए बीबीएमबी की 18 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड एसपीपी और बीबीएमबी की 15 मेगावाट फ्लोटिंग एसपीपी को निष्पादित कर रहा है।
एसजेवीएन इस राज्य में सौर परियोजनाओं, कनाल टॉप सौर परियोजनाओं एवं फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं के माध्यम से 5000 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को निष्पादित करने का इच्छुक है। इस अवसर पर गीता कपूर, निदेशक कार्मिक, एके सिंह, निदेशक वित्त, सुशील शर्मा, निदेशक विद्युत तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।





उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 329-DRM-MB-22-23 दिनांक: 10.03.2023 |
| कार्य का नाम | Construction of Type-IV residence for ADEE/TRD, AEE/G & ADSTE at HPU, BE & NBD |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 04.04.2023 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 60,64,280.49 |
| धरोहर राशि | 1,21,300.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 21.03.2023 |

टेन्डर नं.: 75/W/2/3/WA/DEN/IV/T.Notice दिनांक: 10.03.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 750/23

# महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने के लिए तैयार किया जा रहा है रोडमैप: अजय सोलंकी

**नाहन/एसपी जैरथ**

महिला एवं बाल विकास विभाग सिरमौर द्वारा आज शुक्रवार को नाहन के एस.एफ.डी.ए. हॉल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकताओं सहित 500 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। हि.प्र. कौशल विकास निगम द्वारा इस अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। विधायक नाहन अजय सोलंकी ने महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए अपने सम्बोधन में उपस्थित महिला प्रतिभागियों को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा समाज की दिशा व दशा को सुधारने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें महिलाओं के



गौरव और सम्मान का स्मरण करवाते हुए महिलाओं के योगदान को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं कल्याण के लिए अनेकों महत्वपूर्ण योजनाएं चला गई है जिसमें शगुन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, विधवा पुनर्विवाह जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए सराहनीय कदम हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों के साथ समाज के हर वर्ग को महिला कल्याणकारी योजनाओं के सही कार्यान्वयन के लिए भरपूर सहयोग देना चाहिए।

अजय सोलंकी ने कहा कि बेटियों की

### 8 जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभाग द्वारा महिला और शिशु कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान दी

परवरिश भी बेटों की तरह ही की जानी चाहिए और यह परंपरा हमें अपने घर से आरंभ करनी चाहिए तभी समाज को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कोविड काल में आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुखविन्द्र सिंह सुक्खु सरकार द्वारा महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए की राशि प्रदान करने के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी और कौशल विकास निगम की ओर से विधायक को शॉल और टोपी भेंट कर सम्मानित भी किया गया। विधायक ने कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिला प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील शर्मा ने इस अवसर पर विभाग द्वारा महिला और शिशु कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण दिवस है। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मुख्य अतिथि और महिला प्रतिभागियों का आभार जताया। कौशल विकास निगम की जिला समन्वयक मोनिका ठाकुर ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए महिलाओं को अपनी रूचि और जरूरत के अनुरूप अपने कौशल विकास के लिए आगे बढ़ने का आग्रह किया।

# अप्रवासियों को अब 3 अप्रैल से पूर्व अपनी झूगियां खाली करनी होगी

**कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

भुंतर स्थित ब्यास नदी के किनारे अबैध रूप से झुगीओं रह रहे अप्रवासियों को अब 3 अप्रैल से पूर्व अपनी झुगियां खाली करनी होगी। यह जानकारी आज उपमंडलाधिकारी कुल्लू विकास शुक्ला ने दी।उन्होंने कहा कि यह निर्णय झुग्गियों में रह रहे अप्रवासीओं के प्रतिनिधिओं के आग्रह पर मानवीय आधार पर लिया गया है।



शुक्ला ने कहा कि अप्रवासीओं ने लिखित आग्रह किया था कि उनके बच्चे स्थानीय पाठशाला में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं तथा इन दिनों बच्चों की परीक्षा चल रही है। जो 31 मार्च तक चलेगी। इस विषय को लेकर आज नगर पंचायत भुंतर के प्रतिनिधिओं, पुलिस, व अन्य सबद्ध विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि बच्चों की परीक्षा के दृष्टिगत मानवीय आधार पर इन्हें 3 अप्रैल तक का समय दिया जाए। अप्रवासीओं के प्रतिनिधिओं ने लिखित रूप में आश्वासन दिया है कि वे 3 अप्रैल से पूर्व झुग्गियों को खाली कर देंगें। उन्होंने कहा कि 5 परिवारों ने झुगियां खाली कर दी है।

## न्यूज फ्लैश

### वी भारत की महिलाओं के लिए लाया एक्सक्लुजिव ऑफर्स, अब वी ऐप पर ढूंढ सकंगी अपनी पसंद की नौकरी


शिमला: भारत की महत्वाकांक्षी महिलाओं को अपने सपनों की नौकरी ढूंढने में मदद करने के लिए भारत का अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी भारत के सबसे बड़े जॉब सर्च प्लेटफॉर्म अपना के साथ साझेदारी में भारत की महिलाओं के लिए नौकरियों के हजारो अवसर लेकर आया है।महिलाएं वी ऐप के




वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन प्लेटफॉर्म पर अध्यापक, टैलीकॉलर्स,रिसेप्शनिस्ट, हजारों पार्ट-टाईम एवं वर्क-फॉर्म-होम नौकरियों के लिए आवेदन कर सकती हैं।वी के इन प्रयासों के साथ अधिक से अधिक महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पाकर कार्यबल में शामिल हो सकेंगी।इसके अलावा वी ने अपना के साथ साझेदारी में उन सभी महिलाओं के लिए प्लेसमेन्ट-गारंटीड ट्रेनिंग प्रोग्राम पर रु 5000 की छूट की घोषणा भी की है, जो टैली-कॉलर्स बनना चाहती हैं। अंग्रेजी भाषा में कौशल बढ़ने से एक व्यक्ति के करियर में सुधार और अच्छी नौकरी मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इसी के मद्देनजर इस अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर वी उन महिलाओं के लिए स्पेशल ऑफर लेकर आया है जो अपने अंग्रेजी भाषा कौशल में सुधार लाना चाहती हैं।भारत के अग्रणी इंग्लिश लर्निंग प्लेटफॉर्म एनगुरू के साथ साझेदारी में वी ने इंग्लिश लर्निंग कोर्स पर भी 50 फीसदी छूट की घोषणा की है, विशेषज्ञों द्वारा संचालित इस कोर्स के द्वारा महिलाएं अनलिमिटड इंटरैक्टिव लाईव क्लासेज का लाभ उठा सकती हैं।अधिक से अधिक महिलाएं कार्यबल में शामिल हो सकें और अपनी पेशेवर पहचान बना सकें, इसके लिए वी कई महत्वपूर्ण विषयों पर वेबिनार्स की एक श्रृंखला का आयोजन भी कर रहा है जैसे अपना एवं एनगुरू के साथ साझेदारी में महिलाओं के लिए करियर काउन्सलिंग और अंग्रेजी कैसे महिलाओं को सशक्त बना सकती है।ये सभी ऑफर्स 7 से 14 मार्च 2023 के बीच वी ऐप (जॉब्स एण्ड एजुकेशन) पर उपलब्ध होंगे।


### एक्जोनमोबिल की अगली पीढ़ी का मोबिल 1 इंजन ऑयल चैंपियनशिप जीतने वाला प्रदर्शन करता है


शिमला: एक्जोनमोबिल ने आज अपने श्रेष्ठतम पूर्ण रूप से सिंथेटिक इंजन ऑयल मोबिल 1 ट्रिपल एक्शन पावर.को लोकार्पण किया जो विशेष रूप से ईंधन की न्यूनतम खपत और अतिरिक्त लाभ के साथ इंजन के उत्कृष्ट प्रदर्शन,सुरक्षा और स्वच्छता प्रदान करके कार मालिकों को अपने वाहनों की शक्ति का बेहतरीन कार्य प्रदर्शन करने में मदद करने हेतु तैयार किया गया है।विपिन राणा,सीईओ,एक्जोनमोबिल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, हमने अपने मोबिल 1 इंजन ऑयल का परीक्षण




प्रयोगशाला में सड़क पर और और विश्व के कुछ सबसे कठिन मार्गों पर,अधिकतम ऊँचाई वाले और वास्तविक जीवन परिस्थितियों की प्रतिकृति करते हुए किया हैं।

फॉमूर्ला वन मोबिल 1 इंजन ऑयल के लिए अंतिम परीक्षण आधार है जो रेस कारों के सभी चलने वाले हिस्सों में घर्षण और घिसने को कम करने में मदद करता है।मैक्स वेरस्टैपेन और सर्जियो पेरेज के लिए इसका मतलब है उनकी कार में अधिक आत्मविश्वास उनके हाथों में अतिरिक्त शक्ति और पोडियम तक पहुंचने के अधिक अवसर मिलना है। फॉमूर्ला वन से प्रेरित होकर हम मोबिल 1 इंजन ऑयल की एक नई रेंज पेश कर रहे हैं जो विशेष रूप से कार मालिकों को अपने वाहनों की शक्ति को बेहतर करने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है।प्रिंसिपल क्रिश्चियन हॉर्नर ओरेकल रेड बुल रेसिंग टीम प्रमुख ने कहा,मोबिल 130 से अधिक वर्षों से फॉमूर्ला वन में एक प्रतिष्ठित ब्रांड रहा है और हमारी साझेदारी हमें एक्जोनमोबिल की विश्व स्तरीय विशेषज्ञता हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है।


# पावंटा साहिब में पुलिस ने अफीम के 1662 पौधे उखाड़े

**नाहन/एसपी जैरथ**

पांवटा साहिब के अंतर्गत आने वाले माजरा पुलिस थाने के तहत दुर्गम पंचायत पल्होड़ी में अफ ीम की खेती करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक गुरमेल सिहं प्रभारी पुलिस थाना माजरा जब गश्त पर थे। तभी समय करीब 8:35 बजे सुबह पुरुवाला को एक अहम सूचना मिली। सूचना के अनुसार अब्दुल गफू र उर्फ बग्गु पुत्र गुलामद्दीन निवासी गांव पल्होड़ी पांवटा साहिब ने गांव पल्होड़ी में अपने मकान के पीछे अपनी एक क्यारी में अफीम के पौधे उगाए हैं। जिन पर सफेद फूल व डोडे लगे है। यदि अब्दुल गफुर के घर के पीछे उसकी जमीन मे मौका पर जाकर चैक किया जाए तो उसकी क्यारी में उसके द्वारा उगाए गए अफीम के पौधे बरामद हो सकते है। जिस पर एसआई टीम के साथ अब्दुल गफुर के घर पंहुचे, अब्दुल गफु र को साथ लेकर उसके मकान के पीछे उसकी जमीन को चैक किया गया।

चैक करने पर खेत मे सफेद फू ल व डोडे लगे पौधे पाए गये। जिनमें कुछ पोधों पर डोडे लगे थे तथा कुछ पर सफेद फुल लगे थे। बरामद पौधे अनुभव के आधार पर अफीम के पौधे होना पाये गये। उसके बाद अफीम के पौधों की गिनती की गई जो गिनने पर कुल 1662 अफीम के पौधे पाए गये।

# चिट्टा तस्कर के घर से 604900 रुपये की नकदी बरामद: शालिनी

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी जिले के ओट थाना पुलिस ने मंडी कुल्लू मार्ग पर मंडी से 45 किलोमीटर दूर बनाला के रहने वाले विश्व देव शर्मा को 2.86 ग्राम चिट्टा के साथ पकड़ा था। उसके खिलाफ एन डीपीएस की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक मंडी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि गुरुवार को इस आरोपी के घर पर पुलिस ने जब छापा मारा तो वहां से 6,04900/ रुपए की नकदी बरामद हुई है। पुलिस आरोपी से कड़ी पूछताछ कर रही है क्योंकि पुलिस का मानना है कि यह सब चिट्टा की ही कमाई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपी के जरिए किंगपिन तक भी पहुँचने का प्रयास हो रहा है। नशा तस्करी



करने वालों को किसी भी हालत में बक्शा नहीं जाएगा। उनकी प्रोपर्टी भी सील की जाएगी। मंडी जिला पुलिस को नशे के खिला बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सराज विधानसभा क्षेत्र के तहत बालीचौकी के चलौण में चरस तस्करों को लाखों रूपयों की चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को एसपी मंडी शालिनी अग्निहोत्री ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि एक सर्च ऑपरेशन के जरिये मामले में पुलिस की विशेष टीम ने दो आरोपियों को 11.584 किलोग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मंडी जिला पुलिस की विशेष टीम ने सराज विधानसभा क्षेत्र के तहत चेकिंग के दौरान उसमें बैठे दो आरोपियों के पास से 11.584 किलोग्राम चरस बरामद की गई है। आरोपियों की शिनाख्त कालिदास 42 पुत्र फिनूराम गांव मंदिर टांडा डाकघर ढाबन तहसील बल्ह जिला मंडी और टेक सिंह 36 पुत्र रूप सिंह गांव बहल तहसील बंजार जिला कुल्लू के तौर पर हुई है। एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि यह व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से पुलिस की नजरों में था। इसके लिए पुलिस की दो टीमों द्वारा देर शाम तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया जिसके दौरान दो लाख पांच हजार रूपए कैश, 16 लाख रुपये के गहने, सात बैंक पासबुक, संपत्ति के दस्तावेज जप्त किये। जिसमे जानकारी के अनुसार आरोपी कालिदास के दो घर है जिसमें 5 मंजिला मकान 16 कमरों का है और लीज पर होटल भी चलाया जा रहा है और 6 गाड़िया भी सीज की गई।

# राज्यपाल से हाटी विकास मंच के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की

**शिमला/चमन शर्मा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से गत दिवस राजभवन में सिरमौर हाटी विकास मंच के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष प्रदीप सिंह सिंगटा के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा प्रदान करने के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। राज्यपाल ने कहा कि हाटी समुदाय ने अपने आंदोलन को शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाया है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को संबंधित प्राधिकारियों तक पहुंचाने का



आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री छोटे समुदायों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हैं। विकास मंच के अध्यक्ष प्रदीप सिंगटा ने कहा कि हाटी समुदाय को जनजातीय श्रेणी का दर्जा प्राप्त होने से भावी पीढ़ियां लाभान्वित होगी। उन्होंने राज्यपाल को हाटी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से भी अवगत करवाया।

## शिक्षकों के पद रिक्त होने से बाधित हो रही है बच्चों की पढ़ाई

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मंडी इकाई ने शुक्रवार को महाविद्यालय में आ रही छात्र-छात्राओं को पेश आ रही विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान एबीवीपी के कार्यकताओं ने कॉलेज प्रशाशन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के माध्यम से एबीवीपी ने कॉलेज पुस्तकालय को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक खोलने की मांग की हैं। इसके साथ ही कॉलेज परिसर में हर कक्षा में कूड़ेदान की उचित व्यवस्थाए शरारती तत्वों में लगाम लगाने व कॉलेज परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की मांग की हैं।

# हिमाचल के सिरमौर की मुख्य फसल लहसुन में पीला रतुआ रोग लगने की आशंका किसान परेशान



**नाहन/एसपी जैरथ**

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर की मुख्य व्यावसायिक फसल लहसुन रोग की चपेट में आ गई है। फसल को पीला रतुआ रोग लगने की आशंका है। कई जगह फसल पीली पड? लगी है तो कहीं पत्ते गलने और बल्व में कीड़ा लगने की शिकायतें विभाग को मिल रही हैं।

ऐसे में लहसुन के उत्पादन पर असर पड़ सकता है। मौजूदा समय में जिला सिरमौर में 4,000 हेक्टेयर भूमि पर लहसुन का उत्पादन किया जा रहा है। इस साल 60,000 मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। माना जा रहा है कि बार-बार एक ही खेत में लहसुन उगाने से मिट्टी के पोषक तत्व फसल को नहीं मिल रहे हैं। फसल चक्र के अनुसार खेती न किए जाने का असर भी फसल पर पड़ रहा है। कहीं सूखे की मार से भी फसल प्रभावित हो रही है। कृषि विभाग को लानाचेता और नौहराधार इलाकों से फसल को रोग लगने की शिकायतें मिली हैं। लिहाजा, विभाग ने टीम गठित कर इन क्षेत्रों में भेज दी है। कई जगह रोग के चलते खेतों में फसल गलने लगी है। ऐसे में फसल पर संकट पैदा हो गया है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर में लहसुन का सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। जिला सिरमौर में उगाए जाने वाले हाईब्रीड लहसुन की दक्षिण भारत के तमिलनाडु के बडूगा पट्टी, कोच्ची जैसी बड़ी मंडियों में सबसे ज्यादा मांग है। वहीं नेपाल व थाइलैंड को भी यहां का लहसुन निर्यात होता आया है। हिमाचल का लहसुन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता है। यहां के लहसुन में एंटी आक्सीडेंट प्रचूर मात्रा में पाया जाता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। सोडियम, फाइबर, विटामिन सी, मैगनीस, विटामिन बी-6 भी लहसुन में पाया जाता है।

# हर्षवर्धन हर्षवर्धन चौहान ने पांवटा साहिब में किया मेले का शुभारंभ

**नाहन/एसपी जैरथ**

उद्योग, संसदीय कार्य एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने गत वीरवार देर सांय पावटा साहिब के प्रसिद्ध तीन दिवसीय होला मोहल्ला मेले का शुभारंभ किया। उद्योग मंत्री प्रथम सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे। उन्होंने द्वीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारंभ किया। विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री ने कहा कि गुरु की नगरी का यह मेला बड़ा ही ऐतिहासिक है और सभी धर्मों के लोगों की आस्था का प्रतीक भी



है। उन्होंने कहा कि मेलों के माध्यम से समाज में समरसता व सौहार्द बढ़ता है, भाईचारे की भावना को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में मेलों की महत्ता को बनाकर रखना बड़ी चुनौती है, इसके बावजूद प्रदेश के लोगों ने अपनी प्राचीन परम्पराओं को संजो कर रखा है, जो कि खुशी की बात है। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि राज्य में नशा माफिया को जड़ से खत्म किया जाए इसके लिए जनता के सहयोग की भी जरूरत है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि यदि उन्हें कहीं भी नशे से संबंधित कोई जानकारी मिले तो वह प्रशासन तथा पुलिस के साथ जरूर सांझा करें। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वह खेलकूद और शिक्षा की तरफ अपना ध्यान दें और नशे से दूर रहें।हर्षवधर्न चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में प्रदेश में चल रही कांग्रेस की सरकार सत्ता का सुख भोगने के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई है।

# शेरे पंजाब से सीटीओ तक चलेगी जिला शिमला की आक्रोश रैली

**शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा जिला शिमला की आक्रोश रैली का आयोजन 13 मार्च 2023 को किया जाएगा, इस दिन भाजपा के सभी कार्यकर्ता आक्रोश रैली के लिए शिमला के माल रोड स्थित शेरेपंजाब पर 1 बजे एकत्रित होने जा रहे है, इस दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं विधायक दल के सभी सदस्य इस रैली में भाग लेंगे। यह रैली शेरे पंजाब से लेकर सीटीओ तक जोर शोर से चलने वाली है इसके दौरान कार्यकताओं के पास भाजपा के बड़े झंडे भी होंगे।

इस रैली के सफल आयोजन के लिए शिमला मंडल से 200



कार्यकर्ता, कसुंपटी मंडल से 150 कार्यकर्ता और शिमला ग्रामीण मंडल से 150 कार्यकर्ता भाग लेने जा रहे हैं। साथ ही सभी 2017 में पार्षद के चुनाव लड़े प्रत्याशियों को इस रैली को सफल बनाने के लिए अतिरिक्त टारगेट दिया गया है।

जिला अध्यक्ष विजय परमार एवं जिला प्रभारी डेजी ठाकुर इस अभियान को पूर्ण रूप से देखेंगे। इस आक्रोश रैली को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ता अपने-अपने वार्ड स्तर पर जुट

भाजपा सह मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने बताया की नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय प्रभारी सौदान सिंह के साथ शिष्टाचार भेंट कीए उन्होंने सौदान सिंह के साथ हिमाचल प्रदेश से जुड़े कई विषयों पर विस्तृत चर्चा भी

गए हैं और वहां छोटी टोली की बैठकों का आयोजन भी किया जा रहा है। जब यह आक्रोश रैली शेरे पंजाब से सीटीओ पहुंचेगी वहां पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गण एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर कार्यकताओं को संबोधित करेंगे उसके उपरांत सभी विधायक दल के नेता राजभवन की ओर रवाना हो जाएंगे जहां शाम 4 बजे वह राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को एक ज्ञापन सौंपेंगे।

इस बात की पुष्टि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप द्वारा की गई जब उन्होंने कल रात वर्चुअल माध्यम से शिमला जिला की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित किया उस बैठक में शिमला जिला के अध्यक्ष, पदाधिकारी, प्रमुख कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारीगण उपस्थित रहे, इस बैठक में इस रैली को सफल बनाने के लिए सुझाव एकत्रित किए गए।

# कांग्रेस की भारतीय रेल यात्रा चरम पर

**चंबा/हामिद**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा सांसद एंव पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के विस्तार के रूप मे हिमाचल मे चल रही हाथ से हाथ जोडो. यात्रा अपने चरम पर पंहुच चुकी है। इसके चलते चम्बा विधानसभा क्षेत्र के शहरी क्षेत्रों मे विधायक नीरज नैयर की अध्यक्षता मे चम्बा बाजार मे व्यापारियों के साथ संवाद किया गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चम्बा के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर सहित विभिन्न फ्रंटियर संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस विधायक नीरज नैयर ने पूरे शहर मे



दुकानदारों की समस्याएं भी सुनी और उनके सार्थक निपटारे का भी आश्वासन दिया। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस पार्टी की विचारधारा मे सहयोग की अपील भी की। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करतार सिंह ने भी हाथ से हाथ जोडो. यात्रा को कांग्रेस पार्टी का अहम कार्यक्रम करार देते हुए संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक बताया। गौरतलब है कि गत 26 जनवरी से प्रदेश भर मे हाथ से हाथ जोडो. कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। जिसके तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चम्बा द्वारा अभी तक लगभग 70 प्रतिशत इलाके की जनता के साथ जनसंपर्क स्थापित किया जा चुका है।



# रश्मिका मंदाना

## के लिए धड़कता है शुभमन गिल का दिल! क्रिकेटर ने अब उठाया राज से पर्दा

क्रिकेटर शुभमन गिल का नाम भारतीय क्रिकेट के उभरते हुए सितारों में सबसे पहले आता है. वह बाईस गज की दूरी में अपने स्किल के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बने हुए हैं. शुभमन गिल अपनी रंगीन लव लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं. कभी-कभी उनका नाम इस हीरोइन के साथ जोड़ा जाता है. कभी-कभी उनके साथ कोई दूसरी महिला नजर आती है. कुछ दिनों पहले एक इंटरव्यू में शुभमन ने कहा था कि उन्हें एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना पर क्रश है. खबर छपने के कुछ दिनों बाद उन्होंने खुद ही अटकलों पर पानी फेर दिया. उन्होंने कहा, उन्हें खुद नहीं पता कि उन्होंने किस इंटरव्यू में यह बात कही!



कभी क्रिकेटर का नाम सचिन तेंदुलकर की बेटी के साथ जुड़ा तो कभी बॉलीवुड के नवाब की बेटी के साथ. कुछ दिनों पहले एक इंटरव्यू में उनसे पूछा गया था कि वह किस बॉलीवुड एक्ट्रेस को पसंद करते हैं. शुभमन ने शर्माते हुए पत्रकार के सवाल का जवाब दिया, रश्मिका मंदाना इस बार खुद क्रिकेट स्टार इस खबर का खंडन कर रहे हैं. उन्होंने दावा किया, मैं खुद नहीं जानता कि मैंने किसी इंटरव्यू में ऐसी बातें कही थीं. शुभमन के इस जवाब से उनके फैन्स कन्फ्यूज हो गए.




**कई लड़कियों के साथ जुड़ा क्रिकेटर का नाम**

भारतीय क्रिकेट स्टार शुभमन गिल का नाम कई अलग अलग लड़कियों के साथ जोड़ा गया. कभी सारा अली खान के साथ, तो कभी सारा तेंदुलकर के साथ, उन्हें लेकर कई कयास लगाए जा रहे हैं. पिछले महीने शुभमन ने लंदन के एक कैफे में बैठे हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की थी.

फोटो के नीचे क्रिकेटर का सवाल, आज कौन सा दिन है? संयोग से उसी कैफे में सारा तेंदुलकर की भी फोटो है. इससे पहले जनवरी तक सारा अली खान और शुभमन की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी. शुभमन और सारा एक एयरपोर्ट पर आपस में बात कर रहे थे.

## जब गोविंदा की नौकरानी निकली करोड़पति, पिता के पास था कारों का जखीरा, कई दिन तक धोए बर्तन, क्यों किया ऐसा?



करीब 2 दशकों तक बॉलीवुड पर राज करने वाले गोविंदा का स्टारडम ऐसा था कि व्यस्तता के चलते उन्हें एक साथ 25 फिल्में छोड़नी पड़ी थी. गोविंदा पर देशभर की लड़कियां अपनी जान छिड़कती थीं. गोविंदा की एक झलक पाने के लिए लड़कियां उनके पीछे दौड़ा करती थीं. गोविंदा ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में दी हैं. शादी शुदा होने के बाद भी गोविंदा ने अपनी फीमेल फैन फॉलोइंग के चलते अपनी शादी का खुलासा नहीं किया था.बेटी के होने के बाद गोविंदा ने अपनी शादी के बारे में सभी को जानकारी दी थी. गोविंदा से लड़कियों के प्यार के कई किस्से हमें अक्सर ही सुनने को मिलता है. लेकिन गोविंदा की दीवानी एक लड़की ने तो उनके घर में नौकरानी बनकर रहने का भी फैसला कर लिया था. अमीर खानदान की लड़की गोविंदा के घर में कई दिनों तक झाड़ू-पोंछा और बर्तन मांझती रही केवल गोविंदा की झलक पाने के लिए, गोविंदा की पत्नी सुनीता ने खुद इस किस्से को शेयर किया है. हाल ही में गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीत अहूजा ने बॉलीवुड बबल को दिए इंटरव्यू में इसका खुलासा किया है.

**अमीर खानदान की लड़की घर में बनी रही नौकरानी**

गोविंदा की पत्नी सुनीता अहूजा ने बॉलीवुड बबल से बातचीत करते हुए बताया, 'मेरे घर में काम करने वाली एक लड़की थी. काफी दिनों तक घर में झाड़ू और पोंछा करती रही. लेकिन वो अपने काम को करने में काफी कच्ची थी. इसी दौरान एक दिन वो अपने परिवार से बात कर रही थी. मैंने उसका फोन छीनकर पता किया तो हम हैरान रह गए, वो लड़की अमीर खानदार से थी. उसके पिता के पास 7-8 गाड़ियां थी. वो केवल गोविंदा की फैन थी और उनके साथ टाइम बिताने के लिए घर में नौकरानी भी बन गई थी.' जब इसका खुलासा हुआ तो हम चौंक गए.

**गुपचुप रचाई थी शादी**

गोविंदा की लवस्टोरी भी काफी दिलचस्प रही है. अपने स्ट्रगल के दौरान मामा के घर पर रहते हुए गोविंदा की दोस्ती सुनीता से हुई थी. सुनीता गोविंदा के मामा के घर आया करती थीं. इसी दौरान गोविंदा और सुनीता की दोस्ती हुई. दोनों के बीच प्यार हो गया और साल 1897 में गोविंदा ने सुनीता से गुपचुप तरीके से शादी रचा ली. दोनों की एक बेटी नर्मदा और बेटा यशवर्धन भी हुए. गोविंदा की बेटी भी बॉलीवुड में अपनी जमीन तलाश रही हैं. गोविंदा की बेटी नर्मदा ने अपने निकनेम टीना को स्क्रीन नाम रखा है. साल 2015 में आई फिल्म सेकेंड हैंड हसबेंड फिल्म के जरिए टीना ने डेब्यू किया था. हालांकि यह फिल्म कब आई और कब चली गई किसी को कानों कान हवा नहीं लगी.

## अंगूरी भाभी ने तोड़ा शादी का बंधन, 19 साल बाद पति से अलग हुई शुभांगी अत्रे, बोलीं- बहुत दिक्कतें थीं कोशिश की लेकिन...



सही पकड़े हैं से घर-घर में पहचान बनाने वाली 'अंगूरी भाभी' यानी अभिनेत्री शुभांगी अत्रे (**Shubhangi Atre**) के जिंदगी में सब कुछ ठीक नहीं है. शादी के 19 का साल का रिश्ता उन्होंने तोड़ दिया और पति पीयूष पूरे से अलग हो गई हैं. टीवी एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने हाल ही में खुलासा किया है और बताया कि वो और उनके पति दोनों पिछले एक साल से नहीं रह रहे थे. दोनों के बीच में आपसी कलह रहा, जिसके बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया.' अंगूरी भाभी' उर्फ शुभांगी अत्रे ने हाल ही में अपनी जिंदगी में आए इस तूफान के बारे में बात की. उन्होंने अपना दर्द बयां किया और इस बड़े फैसले के बारे में खुलकर बात की. दोनों की एक 18 साल की बेटी है, जिसकी वो को-पैरेंटिंग कर रहे हैं. फिलहाल, उनकी बेटी एक्ट्रेस के पास है.शादी में थीं बहुत दिक्कतें शुभांगी ने ईटाइम्स के साथ बातचीत में इस बारे में खुलकर बात की. उन्होंने अपने पति से अलग होने की बात पर हामी भरते हुए साफ-साफ बताया कि दोनों पिछले एक साल से अलग-अलग रह रहे हैं. उन्होंने कहा, 'पीयूष और मैंने आखिर तक अपनी शादी बचाने की पूरी कोशिश की. आपसी सम्मान, विश्वास और दोस्ती एक मजबूत शादी की नींव है. शादी में बहुत दिक्कतें थीं, जिन्हें वह ठीक नहीं कर सके'.

**'मतभेदों को हल करने में हम असफल रहे'**

'अंगूरी भाभी' ने अपने रियल लाइफ में आए भूचाल पर आगे कहा, 'हमें एहसास हुआ कि हम दोनों के बीच मतभेद हैं और हम मतभेदों को हल करने में सफल नहीं है. इसलिए बेहतर ये होगा कि हमें इसलिए हमने एक-दूसरे को स्पेस देने और अपनी पर्सनल लाइफ व करियर पर ध्यान देने का फैसला किया.' उन्होंने आगे कहा कि ये अभी भी मुश्किल है. मेरा परिवार मेरी पहली प्रायोरिटी थी और हम सभी चाहते हैं कि हमारा परिवार हमारे आस-पास हो, लेकिन कुछ नुकसान ऐसे होते हैं जिनकी मरम्मत नहीं हो सकती है.



# प्रियंका चोपड़ा

## ने इस वजह से 3 बार की थी सुसाइड करने की कोशिश, मैनेजर ने किए थे चौंकाने वाले खुलासे

प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड में देसी गर्ल के नाम से भी जानी जाती हैं. प्रियंका ने आज अपनी मेहनत के दम पर इंटरनेशनल लेवल पर भी पहचान हासिल कर ली है. प्रियंका अमेरिका में पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ एक खुशहाल जीवन बिता रही हैं. भले ही आज एक्ट्रेस अपने पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ में सफल हों, लेकिन एक समय में एक्ट्रेस अपनी जिंदगी से इतनी हताश थीं कि उन्होंने आत्महत्या करने की कोशिश की थी. जी हां, प्रियंका ने अपने स्ट्रगलिंग के दिनों में सुसाइड अटेम्प्ट किया था, जिसका खुलासा खुद प्रियंका के एक्स मैनेजर प्रकाश जाजू ने किया था.

**प्रियंका ने की सुसाइड की कोशिश**

कई साल पहले ट्विटर पर प्रकाश जाजू ने कई ट्वीट किए थे, जिसमें उन्होंने प्रियंका के सुसाइड अटेम्प करने की बात कही थी. उन्होंने लिखा था, आज इतनी स्ट्रॉन्ग दिखने वाली प्रियंका ने बीते समय में 2-3 बार आत्महत्या करने की कोशिश की थी और मैंने जैसे तैसे उन्हें रोका. प्रियंका और उनके पुराने ब्वॉयफ्रेंड असीम मर्चेंट की आपस में बहुत लड़ाइयां हुआ करती थीं. उस दौरान प्रियंका कई बार रात-रात में परेशान होकर मुझे फोन किया करती थीं.

उन्होंने आगे लिखा, एक बार असीम से लड़ाई के बाद प्रियंका मुंबई के वसई इलाके में ड्राइव करके आई और वहां आत्महत्या की कोशिश की.

वैसे प्रियंका असीम की मां के काफी करीब थीं, लेकिन 2002 में असीम की मां के देहांत के बाद वसई में प्रियंका ने एक बिल्डिंग से कूदकर अपनी जान देनी चाही. उस घटना के बाद जब तक उस फ्लैट की खिड़कियों पर पर लोहे के ग्रिल नहीं लगाए गए, तब तक प्रियंका को एक कुर्सी से बांधकर रखा गया था.

खैर यह बात तो जगजाहिर है कि प्रियंका के उनके एक्स मैनेजर से विवाद रहे हैं. प्रियंका ने प्रकाश के साथ अचानक अपना कॉन्ट्रैक्ट भी तोड़ दिया था. वहीं प्रियंका के पिता अशोक चोपड़ा ने प्रकाश पर प्रियंका की प्राइवेसी में इंटरफियर करने के लिए उन पर केस भी दर्ज किया था. इसके बाद प्रकाश को 67 रातें जेल की सलाखों के पीछे बिताने पड़े थे.

## जेपी इंफ्राटेक का अधिग्रहण करेगा सुरक्षा समूह, एनसीएलटी ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के प्रोजेक्ट्स में फ्लैट बुक कराने वालों के लिए अच्छी खबर है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने कर्ज के बोझ तले दबी जेपी इंफ्राटेक के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। न्यायाधिकरण के इस फैसले से 20 हजार घर खरीदारों को जेपी इंफ्राटेक की अटकी परियोजनाओं में अपने फ्लैट का कब्जा मिलने की उम्मीद बंधी है। एनसीएलटी ने दिवाला समाधान प्रक्रिया के जरिए मुंबई स्थित सुरक्षा समूह की बोली को मंजूरी दे दी। इसके तहत सुरक्षा समूह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में विभिन्न अटकी परियोजनाओं में 20 हजार फ्लैट का निर्माण करेगा। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण के अध्यक्ष रामलिंगम सुधाकर की अगुवाई वाली दो सदस्यीय प्रधान पीठ ने सुरक्षा समूह की ओर से पेश समाधान योजना को मंजूरी दी है।

उल्लेखनीय है कि जेपी इंफ्राटेक के खिलाफ दिवाला समाधान प्रक्रिया की शुरुआत अगस्त, 2017 में हुई थी। एनसीएलटी ने पिछले साल 22 नवंबर को जेपी इंफ्राटेक के समाधान पेशेवर की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस याचिका में एनसीआर के नोएडा और ग्रेटर नोएडा में विभिन्न लंबित परियोजनाओं के 20 हजार फ्लैट के निर्माण की सुरक्षा समूह को अनुमति देने की अपील की गई थी। दरअसल जून, 2021 में सुरक्षा समूह को कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) से जेपी इंफ्राटेक के अधिग्रहण की अनुमति मिली थी। कर्जदाताओं की समिति में बैंकों के अलावा घर खरीदार भी शामिल हैं।

## पावर मिनिस्ट्री पैनल ने देश में ग्रिड की रियल टाइम मॉनिटरिंग का दिया सुझाव

नई दिल्ली। देश में जल्द ही एक आधुनिक और स्मार्ट पावर ट्रांसमिशन सिस्टम होगा, जिसमें रीयल-टाइम निगरानी और ग्रिड के स्वचालित संचालन जैसी तमाम विशेषताएं होंगी। केंद्र सरकार ने इसको लेकर गठित विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को स्वीकार कर ली है, जो भारत में आधुनिक एवं स्मार्ट ऊर्जा पारेषण प्रणाली के मार्ग को प्रशस्त करेगी। ऊर्जा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश में जल्द ही आधुनिक एवं स्मार्ट ऊर्जा पारेषण प्रणाली होगी। स्मार्ट ऊर्जा पारेषण प्रणाली को लेकर गठित विशेषज्ञ समिति ने सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। समिति की रिपोर्ट में वास्तविक समय में निगरानी, ग्रिड का स्वचालित संचालन, स्थिति का बेहतर आकलन, ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने की क्षमता, साइबर हमलों और प्राकृतिक आपदा से निपटने के सुझाव दिए गए हैं। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने पिछले हफ्ते एक बैठक में इस मुद्दे पर विचार-विमर्श किया था। सिंह ने बैठक में भरोसेमंद एवं किफायती ऊर्जा निरंतर प्रदान करने की सरकार की संकल्पना को साकार करने के लिए आधुनिक पारेषण ग्रिड पर जोर दिया था। सिंह ने कहा था कि साइबर हमलों तथा प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद पूरी तरह से स्वचालित, डिजिटल नियंत्रण वाली, त्वरित प्रतिक्रिया देने वाली ग्रिड समय की मांग है।

ऊर्जा मंत्रालय ने सितंबर, 2021 में आधुनिक एवं स्मार्ट ऊर्जा पारेषण प्रणाली को लेकर एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। इस समिति को पारेषण क्षेत्र के आधुनिकीकरण और इसे स्मार्ट एवं भविष्य के लिए तैयार करने की खातिर सुझाव देने के लिए कहा गया था। ये अनुशंसाएं उसी की रिपोर्ट का हिस्सा हैं।

## मेटा ने फिर बनाई हजारों और कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना

नई दिल्ली। दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, वॉट्सएप और इंस्टाग्राम की पैरेंटल कंपनी मेटा अगले दौर की छंटनी करने की योजना बना रही है। रिपोर्ट के मुताबिक मेटा इस हफ्ते की शुरुआत में हजारों कर्मचारियों को निकाल देगा।

रिपोर्ट के मुताबिक मेटा के निदेशकों और उपाध्यक्षों से उन कर्मचारियों की लिस्ट बनाने को कहा गया है, जिन्हें छंटनी के इस दौर में जाने दिया जा सकता है। मेटा ने पिछले साल छंटनी के पहले दौर में 11 हजार कर्मचारियों को निकाल दिया था, जो पूरी वर्कफोर्स का 13 फीसदी था। कंपनी ने अपने 18 साल के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी की थी।उल्लेखनीय है कि पिछले साल बड़े पैमाने पर कर्मचारियों को निकालने का ऐलान कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग ने किया था। जुकरबर्ग ने इसकी वजह गलत फैसलों से रेवेन्यू में आई गिरावट को बताया था। सितंबर, 2022 के अंत तक मेटा में करीब 87,314 कर्मचारी थे।




## कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव घटकर 82 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली में पेट्रोल का भाव 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।




उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड 0.41 डॉलर यानी 0.50 फीसदी की गिरावट के साथ 81.18 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.56 डॉलर यानी 0.74 फीसदी लुढ़कर 75.16 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। घरेलू तेल कंपनियों ने लंबे समय से पेट्रोल-डीजल कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है।

## ऊर्जा मंत्री का कंपनियों को निर्देश- गर्मियों में न हो बिजली की कटौती

नई दिल्ली। गर्मी के मौसम में बिजली की रिकॉर्ड मांग के मद्देनजर केंद्र सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक बहु-आयामी रणनीति तैयार की है, ताकि गर्मियों में बिजली की कटौती न हो।

ऊर्जा मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने सात मार्च को आगामी गर्मी के महीनों के दौरान बिजली की स्थिति की समीक्षा की है। विद्युत, कोयला और रेलवे मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के सा उन्होंने बिजली क्षेत्र की कंपनियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि कोई लोड-शेडिंग न हो। ऊर्जा मंत्री ने आने वाले मौसम में बिजली की अधिक मांग को पूरा करने समेत विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। सिंह ने बिजली कंपनियों से यह सुनिश्चित करने को भी कहा कि गर्मियों के मौसम में बिजली कटौती नहीं की जाए।



सिंह ने केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कोयले के आवंटन के लिए निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था बनाने को भी कहा। समीक्षा बैठक के दौरान रेल मंत्रालय ने कोयले के परिवहन के लिए पर्याप्त रैक की उपलब्धता मुहैया कराने का आश्वासन दिया। सीईए का अनुमान है कि इस वर्ष बिजली की सर्वाधिक मांग अप्रैल में 229 गीगावॉट रह सकती है।

## सीतारमण ने मिलीं अमेरिकी वाणिज्य मंत्री, द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संयुक्त राज्य अमेरिका के वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो से यहां मुलाकात की। इस दौरान भारत की जी-20 प्राथमिकताओं, आपसी हित के अन्य प्रमुख मुद्दों निवेश और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। मंत्रालय ने अपने ट्विट में बताया कि सीतारमण और रायमोंडो ने भारत-अमेरिका के बीच मजबूत आर्थिक और वित्तीय संबंधों पर केंद्रित ठोस और बहुआयामी संबंधों पर चर्चा हुई है। रायमोंडो 10 मार्च को भारत-अमेरिका वाणिज्यिक वार्ता और भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की बैठक के लिए चार दिवसीय दौरे पर हैं। इस बैठक में दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की जाएगी, जिससे दोनों देशों के बीच नए व्यापार और निवेश के अवसरों खुलेंगे।



रायमोंडो ने भारतीय नेताओं से मुलाकात के बाद कहा कि भारत के साथ हमारी साझेदारी सबसे महत्वपूर्ण है। अमेरिका-भारत अपने आर्थिक संबंधों का विस्तार करने के लिए एक वास्तविक अवसर साझा करते हैं। हमने भारतीय मंत्रियों के साथ उत्कृष्ट और सार्थक चर्चा की है। दरअसल, अमेरिका की वाणिज्य मंत्री इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी मुलाकात कर चुकी हैं।

## 1 अप्रैल से महंगी हो जाएंगी मर्सिडीज बेंज की कारें, 12 लाख रुपये तक बढ़ेंगी कीमतें



नई दिल्ली। लग्जरी कार निर्माता कंपनी मर्सिडीज बेंज ने अपने विभिन्न मॉडलों की कारों की कीमतों में इजाफा करने का ऐलान किया है। कंपनी अपनी कार की कीमतों में 2 से लेकर 12 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने पिछले तीन महीनों में दूसरी बार अपने वाहनों की कीमतों में इजाफा किया है। नई कीमतें एक अप्रैल से लागू होंगी। कंपनी ने जारी एक बयान में यह जानकारी दी। मर्सिडीज बेंज इंडिया ने बताया कि उसके वाहनों की एक्स-शोरूम कीमतों में एक अप्रैल से पांच फीसदी तक की बढ़ोतरी होगी। ऐसे में एक अप्रैल से कंपनी की ए-क्लास लिमोजिन की कीमत दो लाख रुपये तक और जीएलए एसयूवी के एस 350डी लिमोजिन की कीमत 7 लाख रुपये बढ़ेगी। इसी तरह मर्सिडीज मेबैक एस 580 के दाम 12 लाख रुपये बढ़ जाएंगे। मर्सिडीज बेंज इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा कि फॉरेन एक्सचेंज पर भार पड़ने की वजह से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए कंपनी ने कार की कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया है। संतोष अय्यर ने कहा कि कंपनी यूरो की विनिमय दर पर नजर रखे हुए है। अक्टूबर में एक यूरो लगभग 78-79 रुपये का था, जो अब 87 रुपये है। उन्होंने कहा कि अगर हम ऐसा कदम नहीं उठाते हैं, तो भारत में हमारा व्यापार प्रभावित होगा।

## सर्राफा बाजार : सोना 124 रुपये टूटा और चांदी में 386 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर सोने और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई। गिरावट के बाद सोना 55,121 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया, जबकि चांदी फिसल कर 61,497 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गया। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को सोने का आखिरी बंद भाव 55,245 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था।

आज सोने की कीमत में 124 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई। सोने की अलग-अलग श्रेणी में 124 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 72 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी में भी आज गिरावट का रुख दिखा। इस चमकीली धातु की कीमत में आज 386 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई।

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक घरेलू सर्राफा बाजार में आज कारोबारी यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 124 रुपये की नरमी के साथ गिर कर 55,121 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत भी 124 रुपये की कमजोरी के साथ 54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 113 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई।



इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 50,491 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 93 रुपये लुढ़क कर 41,341 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई। 14 कैरेट (585) सोना आज 72 रुपये सस्ता होकर 32,246 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। सोने की तरह ही आज चांदी की कीमत में भी गिरावट दर्ज की गई। आज के कारोबार में चांदी (999) की कीमत में 386 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई। आज की नरमी के कारण इस चमकीली धातु की कीमत 61,497 रुपये प्रति किलोग्राम (अस्थाई) के स्तर पर आ गई। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि वैश्विक हालात की वजह से फिलहाल कुछ दिनों तक सर्राफा बाजार में उतार चढ़ाव की स्थिति बनी रही सकती है। ग्लोबल इकोनॉमी में जारी उथल पुथल और डॉलर इंडेक्स में आई मजबूती का असर इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट पर भी पड़ा है, जिससे भारतीय सर्राफा बाजार भी प्रभावित हो रहा है। हालांकि जानकारों को उम्मीद है कि उथल-पुथल की स्थिति जल्द ही खत्म हो जानी चाहिए, जिसके बाद बाजार में एक बार फिर तेजी का माहौल बनना शुरू हो जाएगा।

## अडाणी ग्रुप को बड़ी राहत, एनएसई ने खत्म की निगरानी

नई दिल्ली। अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को लेकर अडाणी ग्रुप में मचा तूफान अब शांत होता नजर आने लगा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी इंटरप्राइजेज को शॉर्ट टर्म एडिशनल सर्विलांस मेजर (एएसएम) फ्रेमवर्क से बाहर निकाल दिया है। यानी अडाणी इंटरप्राइजेज के शेयरों पर एनएसई की निगरानी खत्म हो गई है।

अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद पूरे अडाणी ग्रुप के शेयर बुरी तरह से प्रभावित हुए थे। इस रिपोर्ट में अडाणी ग्रुप की कंपनियों पर स्टॉक मैनिपुलेशन और एकाउंटिंग फ्रॉड करने का आरोप लगाया गया था। जनवरी के महीने में जारी हुई इस रिपोर्ट के बाद अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में जोरदार बिकवाली शुरू हो गई थी, जिसकी वजह से घरेलू शेयर बाजार भी प्रभावित होता नजर आने लगा था। अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयर में हाई वोलैटिलिटी की वजह से निवेशकों को भी काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा था।

## प्याज का बफर स्टॉक बना रहा एनसीसीएफ, किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के हितों पर ध्यान

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार देश में उपभोक्ताओं और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक बफर स्टॉक तैयार कर रही है। बफर स्टॉक महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में तैयार हो रहा है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत आने वाला भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) बफर स्टॉक तैयार कर रहा है। एनसीसीएफ इस साल सवा लाख मीट्रिक टन प्याज की खरीद कर बफर स्टॉक तैयार करेगी। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बातचीत में बताया कि एनसीसीएफ के अलावा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत आने वाला नेफेड भी अलग से सवा लाख मीट्रिक टन का बफर स्टॉक बना रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में महाराष्ट्र में किसानों को लागत के मुताबिक प्याज की कम कीमत मिलने की खबरें चर्चा में थी। इन रिपोर्टों को लेकर उपभोक्ता मामले मंत्रालय गंभीर है। किसानों को लागत से कम कीमत पर अपना उत्पाद न बेचना पड़े, इसके लिए मंत्रालय ने नासिक से प्याज की खरीद कर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (दिल्ली-एनसीआर), रांची और दूसरे शहरों में बिक्री के लिए पहुंचा रहा है।



मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनसीसीएफ नासिक में किसानों से 8.75 रुपये प्रति किलो की दर से खरीद कर दिल्ली और दूसरे शहरों की मंडियों में 9 से 11 रुपये प्रति किलो बेच रहा है। एनसीसीएफ ने अब तक नासिक से सवा सौ मीट्रिक टन प्याज की खरीद कर दिल्ली की मंडियों में बेचा है। एनसीसीएफ नो प्रॉफिट, नो लॉस के सिद्धांत पर यह काम कर रही है, ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सके। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में तैयार बफर स्टॉक से ही ऑफ सीजन के दौरान देश के अन्य हिस्सों में प्याज की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि बफर स्टॉक तैयार करते समय सरकार प्याज उत्पादक किसान और उपभोक्ता दोनों का ध्यान रख रही है। अधिकारी ने बताया कि सरकार के इस कदम से किसानों को अपना उत्पाद बेचने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सरकार की इसी कोशिश से इस बार ऑफ सीजन यानी सितंबर-अक्टूबर में प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहीं। अक्सर इन महीनों में ही प्याज की कीमत 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच जाती हैं लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। पिछले साल ढाई लाख मीट्रिक टन प्याज का बफर स्टॉक किया गया था। यह स्टॉक नेफेड ने तैयार किया था लेकिन इस साल एनसीसीएफ भी प्याज का बफर स्टॉक बना रहा है। नेफेड और एनसीसीएफ दोनों सवा-सवा लाख मीट्रिक टन का बफर स्टॉक रखेंगे।

## एयर इंडिया के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 1,825 पायलटों में 15 फीसदी महिलाएं

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एयर इंडिया का महिला प्रतिभाओं को सलाम**

नई दिल्ली। टाटा समूह की अगुवाई वाली निजी क्षेत्र की विमान कंपनी एयर इंडिया ने भी महिलाओं की प्रतिभा को सलाम किया है। एयरलाइन के 1,825 पायलटों में 15 फीसदी महिला पायलट कार्यरत हैं। इसके साथ ही यह महिला पायलटों की संख्या के लिहाज से सबसे बड़ी एयरलाइन बन गई है। एयर इंडिया ने जारी एक बयान में बताया कि एयरलाइन के 1,825 पायलटों में 15 फीसदी महिला पायलट हैं। कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सलाम करते हुए बताया कि एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयरएशिया इंडिया 90 से अधिक ऐसी उड़ानों का संचालन कर रही है, जिसमें चालक दल के सभी सदस्य महिलाएं हैं। इन सभी उड़ानों का संचालन एक मार्च के बाद से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर किया जा रहा है।




कंपनी ने जारी बयान में कहा कि पूरी तरह महिला चालक दल वाली सभी 90 उड़ानों में एयर इंडिया घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 40 उड़ानों का संचालन कर रही है। इसके साथ ही एआई एक्सप्रेस 10 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और एयरएशिया 40 से ज्यादा घरेलू उड़ानों का संचालन कर रही है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा व्यावसायिक महिला पायलट हैं। कंपनी के बयान के मुताबिक एयर इंडिया के कर्मचारियों में 40 फीसदी से अधिक महिलाएं हैं। इसके कुल 1,825 पायलटों में 275 महिलाएं है, जो चालक दल की क्षमता का 15 फीसदी है।

## जीडीपी ग्रोथ में सुस्ती अस्थायी, भारत की असली ताकत घरेलू अर्थव्यवस्था : मूडीज

नई दिल्ली। भारत की असली ताकत घरेलू अर्थव्यवस्था है। यही विकास का प्राथमिक इंजन भी है। पिछले साल के आखिर में अर्थव्यवस्था में आई सुस्ती अस्थायी ही होगी। रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में यह बात कही है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आई कमजोरी अस्थायी है। इसमें जल्द ही सुधार हो सकता है। रेटिंग एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि व्यापार के बजाय देश की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की वृद्धि का प्रमुख इंजन है।

रेटिंग एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सालाना आधार पर वृद्धि में उल्लेखनीय कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में कोरोना महामारी का अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा था, उसके बाद से यह पहली बार है जब निजी खपत की वजह से पूरी जीडीपी की रफ्तार मंद पड़ी है। मूडीज ने कहा कि व्यापार के बजाय भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था ही वृद्धि का मुख्य स्रोत है। एजेंसी ने कहा है कि इसी बात को ध्यान में रखकर भारत की चौथी तिमाही के प्रदर्शन को सतर्कता से देखा जा रहा है। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में निजी खपत व्यय से करीब से जुड़े विनिर्माण और कृषि जैसे क्षेत्रों में वृद्धि लगभग नहीं हुई या इसमें संकुचन हुआ है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की पिछले महीने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में आंकड़ों में भारत की जीडीपी वृद्धि दर घटकर 4.4 फीसदी रह गई है। दरअसल ये तीन तिमाहियों का सबसे निचला स्तर है। जीडीपी ग्रोथ में गिरावट की मुख्य वजह निजी उपभोग व्यय में कमी और विनिर्माण में नरमी है।

## अंडर -16 खिलाड़ियों को ड्रैग फ्लिक और गोलकीपिंग का विशिष्ट प्रशिक्षण देगा हॉकी इंडिया

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया इस महीने के आखिर में शुरू होने वाले जमीनी स्तर (ग्रासरूट) के विकास कार्यक्रम के तहत अंडर-16 वर्ग के लड़कों और लड़कियों को ड्रैग फ्लिक और गोलकीपिंग का विशेष अभ्यास मुहैया कराएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह, वीआर रघुनाथ और बीरेंद्र लाकड़ा इस कार्यक्रम के तहत युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे।



यह कार्यक्रम 19 मार्च से शुरू होगा। टिर्की ने हॉकी इंडिया के जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रम की वर्चुअल शुरुआत करते हुए कहा, ''ड्रैग फ्लिक और गोलकीपिंग विश्व हॉकी में बेहद महत्वपूर्ण बन गए हैं। मुझे नहीं लगता कि देश में युवा खिलाड़ियों को इन दो क्षेत्रों में पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाता है। हमें अंडर-16 लड़कों और लड़कियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में इन दो पहलुओं को जोड़ने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा,'' अब हम अंडर-16 और अंडर-19 खिलाड़ियों को ड्रैग फ्लिक और गोलकीपिंग का विशेष प्रशिक्षण दिलाएंगे। इसके लिए 10 पुरुष और महिला खिलाड़ियों का एक ग्रुप का चयन किया जाएगा जो भारत और विदेशी प्रशिक्षकों से ड्रैग फ्लिक और गोलकीपिंग का प्रशिक्षण लेंगे।

## बीएनपी परिबास ओपनः मार्टिन एचवेरी को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे एंडी मरे

इंडियन वेल्स। तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता एंडी मरे ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टॉमस मार्टिन एचवेरी को हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। मरे ने तीन घंटे से अधिक चले पहले दौर के मुकाबले में एचवेरी को 6-7, 6-1, 6-4 से हराया। मरे ने मौजूदा सत्र में निर्णायक तीसरे या पांचवें सेट में पहुंचे किसी मुकाबले को नहीं गंवाया है। मरे ने 2023 में तीसरे सेट में पहुंचने पर बेस्ट ऑफ थ्री सेट के अपने पांचों जबकि पांचवें सेट में पहुंचने पर बेस्ट ऑफ फाइव सेट के दोनों मुकाबले जीते हैं। तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले स्टेन वावरिंका ने भी कैलिफोर्निया में हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता में वापसी करते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में क्वालीफायर एलेक्सांद्र वुकिच को 6-4, 1-6, 6-1 से हराया। वावरिंका अगले दौर में 26वें वरीय मियोमिर केसमानोविच से भिड़ेंगे। बेन शेल्टन ने फाबियो फोगनिनी को 6-4, 6-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। महिला वर्ग में 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन ऐमा राडुकानु ने डेंका कोविनिच को 6-2, 6-3 से हराया जबकि 2022 ऑस्ट्रेलियाई ओपन उप विजेता डेनियली कोलिन्स को 80वें नंबर की डेल्मा गाल्फी ने 6-4, 6-4 से शिकस्त दी।



## अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच नियुक्त हुए हामिद हसन

काबुल। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने गुरुवार को पूर्व तेज गेंदबाज हामिद हसन को राष्ट्रीय टीम का नया गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। हसन पाकिस्तान के खिलाफ अफगानिस्तान की आगामी तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के दौरान अपना पदभार ग्रहण करेंगे। हसन ने 2009 से 2019 तक अफगानिस्तान के लिए 38 एकदिनी मैच खेले हैं, उन्होंने इस दौरान 59 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 5/45 का है। इसके अलावा उन्होंने 25 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भी अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है और 35 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा 4/22 है।

वह इंटरकांटिनेंटल कप 2010 के दौरान प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अफगानिस्तान के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज थे, इस टूर्नामेंट में उन्होंने सिर्फ 6 मैचों में 45 विकेट लिए। हसन ने एसीबी द्वारा जारी एक रिलीज में कहा,क्रिकेट पिछले दो-तीन दशकों में मेरा जीवन रहा है और वास्तव में कुछ ऐसा है जो मेरे पूरे जीवन के लिए मेरा जुनून रहा है। यह मेरे लिए एक मुश्किल निर्णय है कि मैं उस खेल से रिटायर हो जाऊं जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है, लेकिन मैं यह मेरे देश और मेरी टीम के लिए देकर रहा हूं।

# दिल्ली की पहली हार, मुंबई ने 8 विकेट से चटाई धूल

मुंबई। वीमेंस प्रीमियर लीग के मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से मात दी। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई को 106 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में मुंबई ने लक्ष्य 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया। इसके साथ दिल्ली को टूर्नामेंट की पहली हार मिली, जबकि मुंबई का अजेय अभियान अभी भी जारी है।



मुंबई की ओर से सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने 32 गेंदों में 41, जबकि हेले मैथ्यूज ने 31 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली। इसके बाद नेट साइवर ब्रंट ने नाबाद 23 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नाबाद 11 रनों की पारी खेल मुंबई को आसान जीत दिलाई। दिल्ली की ओर से एलिस कैप्सी और तारा नॉरी 1-1 विकेट ही चटका पाई। इससे पहले दिल्ली की पारी 18वें ओवर में 105 रनों पर सिमट गई थी। दिल्ली की शुरूआत काफी खराब रही और टीम 31 रनों पर ही अपनी 3 विकेट खो बैठी। शेफाली वर्मा 2, एलिस कैप्सी 6, जबकि मैरीजेन कप्प 2 रन बनाकर आउट हुई। कप्तान मेग लैनिंग ने पारी को संभाले रखा और उन्हें जेमिमा रोड्रिग्स का साथ मिला। लैनिंग ने 41 गेंदों में 43, जबकि जेमिमा ने 18 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज मुंबई की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं पाया और पूरी टीम 18वें ओवर में ही सिमट गई। मुंबई की ओर से इस्सी वोंग, हेले मैथ्यूज और सायका इशाक तीनों ने 3-3 विकेट चटकाए।

## पैट कमिंस की मां का निधन, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बांधी बांह पर काली पट्टी

अहमदाबाद। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे चौथे और आखिरी टेस्ट मैच के दूसरे दिन पैट कमिंस की मां को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बांह पर काली पट्टी बांधी। कमिंस की मां का गुरुवार को कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया। अहमदाबाद में शुक्रवार की सुबह, कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने दिन के खेल से पहले टीम को इकट्ठा किया और बताया कि पैट कमिंस की मां मारिया कमिंस का स्तन कैंसर से निधन हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, हम मारिया कमिंस के निधन से बहुत दुखी हैं। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की ओर से, हम पैट, कमिंस परिवार और उनके दोस्तों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने आज श्रद्धांजलि स्वरूप बांह पर काली पट्टी बांधी। अपनी मां की देखभाल के लिए सिडनी रवाना होने से पहले कमिंस ने बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में भारत के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में टीम की कप्तानी की, जबकि उनकी अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। टीम ने पहले दो टेस्ट में कमिंस की कप्तानी के लिए उनकी तारीफ की है। चौथे मैच की बात करें तो इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने समाचार लिखे जाने तक सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के शानदार नाबाद शतक और कैमरून ग्रीन के नाबाद अर्धशतक की बदौलत दूसरे दिन 4 विकेट पर 325 रन बना लिए हैं। ख्वाजा 140 और ग्रीन 83 रन बनाकर खेल रहे हैं।

# पीएसपीबी शतरंज - राहुल नें प्रज्ञानन्दा को 26 चालों में हराकर चौंकाया

पुणे। शतरंज के खेल में भारत प्रतिभाओं से भरा पड़ा है और हर रोज हमें कुछ चौंकाने वाले परिणाम देखने को मिलते है इसी कड़ी में पुणे में चल रही 32वीं इंटर यूनिट पीएसपीबी रैपिड टीम शतरंज चैंपियनशिप में 19 वर्षीय इंटरनेशनल मास्टर राहुल वी एस (ओएनजीसी बी) ने तीसरे दौर में दुनिया भर में ख्याति अर्जित कर चुके ग्रांड मास्टर आर प्रज्ञानन्दा (आईओसी ए) को पराजित करते हुए सबसे बड़ा उलटफेर किया। हालांकि राहुल की टीम ONGC B, IOC A से 1-3 के स्कोर से हार गई, लेकिन यह व्यक्तिगत जीत निश्चित रूप से उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने वाली है। 32वीं इंटर यूनिट पीएसपीबी रैपिड टीम चेस चैंपियनशिप 2023 एक नॉन-रेटेड इवेंट है। इसमें भारत के शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। फिलहाल 4 राउंड के बाद अपने सभी मैच जीतकर ओएनजीसी की मुख्य टीम सबसे आगे चल रही है।



## 'बहुत अच्छा लग रहा है, एक सपने जैसा लगता है', प्लेयर ऑफ द मैच बनने पर सायका इशाक ने दिया खास बयान

मुंबई। वीमेंस प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। दिल्ली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 106 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में मुंबई ने यह लक्ष्य 15वें ओवर में हासिल कर लिया। मुंबई की ओर से सायका इशाक ने 4 ओर में 13 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार से नवाजा गया। प्लेयर ऑफ द मैच बनने पर सायका ने कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। एक सपने जैसा लगता है। कप्तान, कोच मेरा समर्थन कर रहे हैं, इसलिए इस तरह के प्रदर्शन हो रहे हैं। यह एक समय में लगभग एक अच्छी गेंद डालना का परिणाम है। मैच की बात करें तो दिल्ली पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरूआत काफी खराब रही और टीम 31 रनों पर ही अपनी 3 विकेट खो बैठी। इसके बाद कप्तान मेग लैनिंग ने पारी को संभाले रखा और उन्हें जेमिमा रोड्रिग्स का साथ मिला। लैनिंग ने 41 गेंदों में 43, जबकि जेमिमा ने 18 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज मुंबई की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं पाया और पूरी टीम 18वें ओवर में 105 रनों पर सिमट गई। मुंबई की ओर से इस्सी वोंग और सायका इशाक ने सर्वश्रेष्ठ 3-3 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की ओर से सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने 32 गेंदों में 41, जबकि हेले मैथ्यूज ने 31 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली। इसके बाद नेट साइवर ब्रंट ने नाबाद 23 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नाबाद 11 रनों की पारी खेल मुंबई को आसान जीत दिलाई। दिल्ली की ओर से एलिस कैप्सी और तारा नॉरी 1-1 विकेट ही चटका पाई।



# 'जो भी आता है गेंदबाजी के लिए बेताब रहता है', लगातार तीसरी जीत के बाद हरमनप्रीत ने दी प्रतिक्रिया

मुंबई। वीमेंस प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। दिल्ली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 106 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में मुंबई ने यह लक्ष्य 15वें ओवर में हासिल कर लिया। डब्लूपीएल में मुंबई की यह लगातार तीसरी जीत है, जबकि दिल्ली को दो मुकाबलों के बाद पहली हार मिली है। मुंबई की तीसरी जीत के बाद मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारी टीम में सभी गेंदबाजी करने के लिए बेताब रहते हैं।

हरमनप्रीत ने कहा, आज हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। वे मेरा काम आसान कर रहे हैं। जो भी आता है गेंदबाजी करने के लिए बेताब रहता है। जब आपके पास इतने विकल्प हों तो आपका काम बहुत आसान हो जाता है। हमारे गेंदबाजों को श्रेय जाता है। टी20 में फील्ड के हिसाब से गेंदबाजी करना अहम होता है और हम ऐसा करने में सक्षम हैं। पिछले मैच के बाद हम सभी ने चर्चा की कि हमने कुछ खराब गेंदें फेंकी।



यास्तिका भाटिया और हेले मैथ्यूज ने हमें वास्तव में अच्छी शुरुआत दी। अब टूर्नामेंट शुरू होने जा रहा है क्योंकि पिचें धीमी होने वाली हैं।

मैच की बात करें तो दिल्ली की पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरूआत काफी खराब रही और टीम 31 रनों पर ही अपनी 3 विकेट खो बैठी। इसके बाद कप्तान मेग लैनिंग ने पारी को संभाले रखा और उन्हें जेमिमा रोड्रिग्स का साथ मिला। लैनिंग ने 41 गेंदों में 43, जबकि जेमिमा ने 18 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज मुंबई की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं पाया और पूरी टीम 18वें ओवर में 105 रनों पर सिमट गई। मुंबई की ओर से इस्सी वोंग, हेले मैथ्यूज और सायका इशाक तीनों ने 3-3 विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की ओर से सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने 32 गेंदों में 41, जबकि हेले मैथ्यूज ने 31 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली। इसके बाद नेट साइवर ब्रंट ने नाबाद 23 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नाबाद 11 रनों की पारी खेल मुंबई को आसान जीत दिलाई। दिल्ली की ओर से एलिस कैप्सी और तारा नॉरी 1-1 विकेट ही चटका पाई।

**हरमनप्रीत ने कहा, आज हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। वे मेरा काम आसान कर रहे हैं। जो भी आता है गेंदबाजी करने के लिए बेताब रहता है। जब आपके पास इतने विकल्प हों तो आपका काम बहुत आसान हो जाता है।**

## कैमरून ग्रीन ने चौथे टेस्ट में भारत के खिलाफ ठोका शतक, इस खास लिस्ट में शामिल हुए

अहमदाबाद। ऑस्ट्रेलिया ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के अंतिम और चौथे टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन किया है। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने उस्मान ख्वाजा के शतक के बाद 255/4 का स्कोर बनाया। वहीं दूसरे दिन कैमरून ग्रीन ने शतकीय पारी खेलते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। ग्रीन भारत में टेस्ट शतक बनाने वालों की सूची में शामिल हो गए हैं। इससे पहले 2016/17 में ग्लेन मैक्सवेल ने ऐसा किया था। भारत में टेस्ट में पहला शतक लगाने वाले अब तक छह ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। पहली बार लेस फेवेल ने चेन्नई में 1959/60 में 101 रन की पारी खेली थी। वहीं आखिरी बार मैक्सवेल ने टेस्ट में भारत में पहला शतक लगाया था। इसके अलावा इस लिस्ट में पॉल शीहान, डीन जोन्स, माइकल क्लार्क शामिल हैं।



**भारत में अपना पहला टेस्ट शतक पूरा करने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज**

लेस फेवेल 101 चेन्नई 1959/60
पॉल शीहान 114 कानपुर 1969/70
डीन जोन्स 210 चेन्नई 1986/87
माइकल क्लार्क 151 बेंगलुरु 2004/05
ग्लेन मैक्सवेल 104 रांची 2016/17
कैमरून ग्रीन 100* अहमदाबाद 2022/23

गौर हो कि भारत ने पहला और दूसरा टेस्ट जीतने के बाद तीसरे मैच में हार का सामना किया था। ऑस्ट्रेलिया ने इंदौर टेस्ट में जीत दर्ज करते हुए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में जगह बनाई थी। अब भारत को चौथे टेस्ट में जीत के साथ डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने का इंतजार है।

# तेज गेंदबाज वोंग ने लगातार तीसरी जीत के बाद कहा, इस चीज का फायदा उठा रही मुंबई इंडियन्स

मुंबई। मुंबई इंडियन्स के महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के बाद टीम की तेज गेंदबाज इसी वोंग ने संकेत दिए कि गेंदबाजी आक्रमण में विविधता ने टूर्नामेंट में टीम को मजबूती प्रदान की है।

मुंबई इंडियन्स के प्रदर्शन में वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज की अहम भूमिका रही है। उन्होंने गुजरात जाइंट्स के खिलाफ 47 रन की पारी के साथ शुरुआत की और फिर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ तीन विकेट चटकाने के अलावा नाबाद 77 रन बनाए। मैथ्यूज ने 19 रन पर तीन विकेट चटकाने के अलावा 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच ओवर शेष रहते दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। वोंग ने भी दिल्ली के खिलाफ तीन विकेट चटकाए। उन्होंने कहा, 'हमारे गेंदबाजी आक्रमण में काफी विविधता है। हमारे पास बाएं हाथ की स्पिनर, ऑफ स्पिनर, लेग स्पिनर हैं। हमारे पास तेज गेंदबाजी में भी विविधता है। वोंग ने कहा, 'हमने सभी विभागों को ध्यान में रखा है। इससे हमें लचीलापन अपनाने का मौका मिलता है। हरमनप्रीत (कौर) ने शानदार काम किया है। हेली और हरमन ने आरसीबी के खिलाफ हमें सही समय पर वापसी दिलाई और हम अपने गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के कारण ऐसा कर पाए।



वोंग ने कहा कि मुंबई इंडियन्स की टीम इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने कहा कि 20 से कुछ अधिक रन पर सात विकेट गंवाना उनकी टीम के मैच हारने का कारण था। उन्होंने कहा, 'पूरा श्रेय मुंबई इंडियंस को जाता है जिन्होंने नई गेंद से काफी अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने हमें पावरप्ले में खुलकर नहीं खेलने दिया। बैटी ने कहा, 'हम 12 ओवर के बाद तीन विकेट पर 80 रन बनाकर अच्छी तरह उबर रहे थे लेकिन फिर हमने 24 रन पर सात विकेट खो दिए और केवल 18 ओवर बल्लेबाजी की। दो ओवर नहीं खेल पाने का नुकसान हुआ।

# श्रीलंका का पलड़ा हुआ भारी, न्यूजीलैंड की टीम संकट में

क्राइस्टचर्च। सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम (67) के अर्धशतक के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां 162 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट में है। श्रीलंका ने पहली पारी में 355 रन बनाए थे जिससे न्यूजीलैंड की टीम अब भी 193 रन पीछे है। दिन का खेल खत्म होने पर डेरिल मिशेल 40 जबकि माइकल ब्रेसवेल नौ रन बनाकर खेल रहे थे। बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद श्रीलंका के गेंदबाजों ने भी उम्मीद पर खरा उतरते हुए अपनी टीम का पलड़ा भारी रखा।

मेहमान टीम के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की तुलना में गेंद को अधिक मूव कराया जिससे मेजबान टीम के बल्लेबाजों को काफी परेशानी हुई। न्यूजीलैंड को लैथम और डेवोन कॉनवे (30) ने पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। असिता फर्नांडो (42 रन पर दो विकेट) ने कॉनवे को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। पिछली पारी में शतक जड़ने वाले केन विलियमसन सिर्फ एक रन बनाने के बाद लाहिरू कुमारा (34 रन पर दो विकेट) की गेंद पर दिमुथ करूणारत्ने को कैच दे बैठे। कुमारा ने इसके बाद हेनरी निकोल्स (02) को कासुन रजिता के हाथों कैच कराके न्यूजीलैंड का स्कोर तीन विकेट पर 76 रन किया। लैथम और मिशेल ने इसके बाद पारी को संवारा। लैथम ने 122 गेंद में अपने करियर का 27वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने मिशेल के साथ चौथे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। असिता ने लैथम को यॉर्कर पर बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। लैथम ने 144 गेंद की अपनी पारी में सात चौके मारे। रजिता ने विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल (07) को आउट करके न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया।



इससे पहले कप्तान टिम साउथी (64 रन पर पांच विकेट) और मैट हेनरी (80 रन पर चार विकेट) ने मिलकर नौ विकेट चटकाते हुए श्रीलंका की पहली पारी को 355 रन पर समेटा। साउथी ने असिता फर्नांडो (10) को आउट करके श्रीलंका की पारी का अंत किया।

उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 305 रन से की। धनंजय डिसिल्वा (46) ने दिन के पहले ओवर में ब्लेयर टिकनर पर चौका जड़ा लेकिन अगले ओवर में साउथी की गेंद पर ब्लंडेल को कैच दे बैठे। न्यूजीलैंड ने जब दूसरी नई गेंद ली तो हेनरी ने कासुन रजिता (22) और प्रबाथ जयसूर्या (13) की पारी का अंत किया। लाहिरू कुमारा (13) और असिता (10) की जोड़ी ने अंतिम विकेट के लिए 19 रन जोड़े जिसके बाद साउथी ने श्रीलंका की पारी का अंत किया।

# विराट कोहली ने लाइफ चेंजिंग मोमेंट का खुलासा किया, कहा- अनुष्का से मुलाकात ने बदला जीवन

मुंबई। आरसीबी के स्टार विराट कोहली हमेशा अपने निजी जीवन के बारे में पारदर्शी रहे हैं। उन्होंने हाल ही में चर्चा की कि कैसे उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा से मुलाकात ने उनका जीवन बदल दिया। उन्होंने दावा किया कि अनुष्का से मिलने के बाद उन्हें जीवन का एक ऐसा पक्ष मिला, जिसे वह कभी नहीं जानते थे। अनुष्का को डेट करने के बाद विराट ने महत्वपूर्ण बदलाव का दावा किया, विविध दृष्टिकोणों के प्रति अधिक ग्रहणशील होने और नए कोणों से चीजों को देखने में सक्षम होने का दावा किया। विराट ने कहा, 'जब मेरे पिता का निधन हुआ तो यह अधिक पसंद था, चीजों के प्रति मेरा दृष्टिकोण बदल गया, मेरा जीवन इस तरह नहीं बदला। आसपास का जीवन पहले जैसा ही था। इस घटना ने मुझे जीवन में क्या करना है इस पर बहुत अधिक लचीलापन और बहुत ध्यान दिया और अपने सपने को साकार करने के लिए बहुत प्रेरणा दी लेकिन यह जीवन बदलने वाला नहीं था। मैं अभी भी क्रिकेट खेल रहा था, मैं अभी भी वही कर रहा था जो मुझे करना था और माहौल काफी समान था। प्रेम, विराट की राय में आत्म-खोज की एक प्रक्रिया है, जैसा कि एक रिश्ते में होता है। विराट ने कहा, 'मैं कहूंगा कि जीवन बदलने वाला क्षण होगा जब मैं अनुष्का से मिला क्योंकि मैंने जीवन के विभिन्न पक्षों को देखा। यह मेरे परिवेश के समान नहीं था, यह एक अलग दृष्टिकोण था, तो यही जीवन बदल रहा है। क्योंकि जब आप प्यार में पड़ते हैं, तो आप उन बदलावों को अपने भीतर भी प्रोसेस करना शुरू कर देते हैं, क्योंकि आपको साथ-साथ चलना होता है। ऐसा करने के लिए आपको खुद को खोलना होगा, आपको बहुत सी चीजों को स्वीकार करना होगा और मेरे लिए यह जीवन बदलने वाला था। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने कहा, 'मैं उनसे मिलने के बाद बहुत बदल गया और हमने डेटिंग शुरू कर दी, क्योंकि आप विचारों, अनुभवों को साझा करते हैं और अलग-अलग दृष्टिकोण साझा करते हैं, जो मैंने अपने जीवन में कभी नहीं देखा। दिल्ली का लड़का, पंजाबी घराना, इसकी कॉपी पेस्ट 99% घरों में कल्चर एक जैसा है। तो यह मेरे लिए अलग था जिसने मुझे बेहतरी के लिए बदलने और अधिक खुला होने, चीजों को स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया।

